RNI. MPHIN/2016/68439

दैनिक

भेल पॉवर

भोपाल, गुरूवार 28 अगस्त 2025

वर्ष- 10 | अंक-90 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित



पेज 4

न्यूज. ब्रीफ

वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्री के लगेज में कारतूस मिला

वाराणसी। वाराणसी में बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री के बैग में कारतूस मिला। यात्री का लगेज जांच के दौरान कारतूस बरामद किया गया। इसके बाद सीआईएसएफ ने यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। जौनपुर के बरेठी का रहने वाला दीपेंद्र शर्मा इंडिगो की फ्लाइट से वाराणसी से कोलकाता जा रहा था। 11 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचा था, जहां पर उसने चेक-इन के लिए प्रवेश किया और अपना लगेज इंडिगो काउंटर पर जमा कर दिया। सामान जब स्कैनर से होकर गुजारा, तब वॉर्निंग अलार्म बजने लगा। आनन-फानन में बैग को खोलकर देखने पर उसमें एक प्रतिबंधित असलहे का कारतूस बरामद हुआ। इसके कब्जे में लेकर सीआईएसएफ ने दीपेंद्र को भी हिरासत में लिया।

जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर जल्द हो सकता है समाप्त

नई दिल्ली। जीएसटी काउंसिल की बैठक 3 सितंबर को होने वाली है, जिसमें 31 अक्टूबर तक जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर को खत्म करने पर चर्चा हो सकती है। यह उपकर असल में 31 मार्च, 2026 तक जारी रहना था, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान राज्यों को राजस्व की कमी की भरपाई के लिए गए कर्जों का भुगतान करीब पूरा होने वाला है। कर्जों का भुगतान 18 अक्टूबर तक पूरा होने की उम्मीद है, लेकिन सरकार इसे अक्टूबर के अंत तक बढ़ा सकती है। उपकर संग्रह समाप्त होने पर लगभग 2,000-3,000 करोड़ रुपये का अधिशेष (सरप्लस) मिल सकता है, जिसे केंद्र और राज्यों के बीच बराबर-बराबर बांटा जाएगा। 2017 में जीएसटी लागू होने पर राज्यों को राजस्व नुकसान से बचाने के लिए यह उपकर पाँच साल के लिए लगाया गया था। कोरोना के दौरान राजस्व में भारी गिरावट के कारण, इस उपकर को जून 2022 से मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया था, ताकि लिए गए कर्जों का भुगतान किया जा सके।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी को नकली गांधी बताया

पटना । पूर्णिया में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, हिंदू भाई, हिन्दुओं की दुकान से ही सामान खरीदें। मांस खाने से पहले ये देख लें कि ये झटका है, या हलाला। गिरिराज सिंह भगवान प्रह्लाद और नरसिंह की भूमि पूर्णिया के बनमनखी में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा, बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के मुद्दे पर कहा कि अगली सरकार बनते ही चुन-चुनकर घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजा जाएगा। गिरिराज ने राहुल गांधी को नकली गांधी तक कह डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ये तीनों नेता घुसपैठियों को वोट बैंक बनाना चाहते हैं। इनका मकसद देश को लूटना है। गिरिराज ने कहा, मैं मांस खाता हूं। कल रात एक नेता खुद अपने हाथों से मांस बनाकर ले आए। खाने से पहले उनसे मैंने पूछा- ये झटका है, या मियां जी वाला हलाल है। उसने कहा कि हलाल ही है। मैंने उस मांस को खाने से साफ मना कर दिया।

तकनीक से जीते जाएंगे भविष्य के युद्ध : राजनाथ सिंह

राष्ट्रीय सुरक्षा अब सिर्फ सेनाओं का नहीं, पूरे राष्ट्र का विषय है : रक्षा मंत्री

आत्मनिर्भरता के दम पर भारत बनाएगा भविष्य के युद्ध के नियम

इंदौर/महू । भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज मध्य प्रदेश के डॉ. आंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित पहले त्रि-सेवा सम्मेलन रण संवाद में एक महत्वपूर्ण और युगांतकारी संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य के युद्ध केवल सैनिकों या हथियारों की संख्या से नहीं जीते जाएंगे, बल्कि तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति के मिले-जुले रूप से लड़े जाएंगे। आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि अब युद्ध सिर्फ पारंपरिक भूमि, जल और वायु तक सीमित नहीं रहे, बल्कि ये अंतरिक्ष और साइबरस्पेस जैसे नए और अप्रत्याशित क्षेत्रों में भी फैल चुके हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज की दुनिया में वही देश युद्ध के नियमों और मैदान को निर्यंत्रित करता है, जो प्रौद्योगिकी में आगे होता है। इसी बात पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि भारत को खुद अपने युद्धक्षेत्र और युद्ध के नियमों को परिभाषित करना चाहिए, ताकि हम हमेशा बढ़त में रहें। इस संदर्भ में उन्होंने हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर को एक बेहतरीन उदाहरण बताया, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ अभूतपूर्व बहादुरी और आक्रामकता दिखाई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता स्वदेशी प्लेटफार्मों की क्षमताओं का प्रमाण है और यह साबित करती है कि आत्मनिर्भरता अब सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का अटूट आधार है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 2014 के 46,425 करोड़ रुपये के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसके अलावा, रक्षा निर्यात भी 10 साल पहले के 1,000 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 24,000 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत में बने तेजस लड़ाकू विमान, आकाश मिसाइल सिस्टम और स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर अब दुनिया को यह भरोसा दिला रहे हैं कि भारतीय तकनीक और गुणवत्ता विश्वस्तरीय है।

भारत-अमेरिका टैरिफ मामले को सुलझाने के प्रयास जारी

सूत्रों का दावा- बातचीत के रास्ते खुले

नई दिल्ली । अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने का बेतुका बहाना बनाकर भारतीय उत्पादों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ थोप दिया है। इस बीच सरकारी सूत्रों का दावा है कि मसले को सुलझाने के लिए भारत और अमेरिका के बीच बातचीत के रास्ते खुले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर सूत्रों ने बड़ा दावा किया है। भारत और अमेरिका के बीच बातचीत के सभी रास्ते खुले हैं और टैरिफ मुद्दे को सुलझाने के प्रयास जारी रहेंगे। सूत्रों ने कहा कि भारतीय निर्यात को देखते हुए टैरिफ का प्रभाव उतना गंभीर होने की संभावना नहीं है, जितनी आशंका जताई जा रही है। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भारत और अमेरिका के बीच बातचीत के रास्ते खुले हैं। सूत्रों ने बताया कि जहां तक निर्यातकों का सवाल है, घबराने की कोई बात नहीं है। भारत और अमेरिका के बीच यह दीर्घकालिक संबंधों का एक अस्थायी चरण है। भारत से अमेरिका को होने वाले चुनिंदा निर्यात पर बुधवार से 50 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है। इसमें से 25 फीसदी टैरिफ सात अगस्त से ही लागू हो गया था, जबकि रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाया गया 25% जुमार्ना टैरिफ आज से लागू हो गया है। इसका मसौदा नोटिस ट्रंप प्रशासन ने जारी कर दिया है। आदेश पूरी तरह भारत केंद्रित है। इसमें चीन का कोई जिक्र नहीं है, जो रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। टैरिफ की यह दर अमेरिका की ओर से लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है और ब्राजील और चीन पर लगे टैरिफ के बराबर है। बुधवार को 50% टैरिफ लागू होने के बाद भी सरकार से जुड़े सूत्रों ने दावा किया है कि इस मसले को सुलझाने के लिए भारत और अमेरिका के बीच संचार चैनल खुले हैं।

देश की आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है उज्जैन और ऊर्जा के श्रोत हैं बाबा महाकाल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

उज्जैन की आध्यात्मिक धरोहर पूरे विश्व को दे रही है दिशा: केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री शेखावत

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन देश की आत्मा है। देश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र है और इस ऊर्जा का मूल आधार स्वयं बाबा महाकाल हैं। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल सम्पूर्ण चराचर जगत को गतिमान रखने वाली नैसर्गिक ऊर्जा के केंद्र हैं। उनके आशीर्वाद से ही यह शहर आज देश की धार्मिक आस्था और परम्पराओं के संवाहक के रूप में प्रसिद्धि पाकर ह्रद बेस्ट रिलीजिएस एण्ड स्पिरिचुअल डेस्टिनेशनह्व बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन का यह गौरवशाली स्वरूप ऐसे ही नहीं बना। इसके पीछे एक लंबी कहानी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्री महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद से उज्जैन शहर की पहचान, आकर्षण और आस्था विश्वव्यापी हो गए हैं। अब यहां देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक बड़ी संख्या में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन के होटल अंजुश्री में दूसरे ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दीप प्रज्वलन कर इस कॉन्क्लेव का विधिवत शुभारंभ किया।

मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ रही है पर्यटकों की संख्या

प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि कोविड काल के बाद मध्यप्रदेश में वर्ष 2023 में 11 करोड़, वर्ष 2024 में 13 करोड़ पर्यटक पहुंचे। प्रदेश में पर्यटन 20 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से विकास कर रहा है। प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थलों में उज्जैन सबसे ऊपर है, जहां पिछले साल 7 करोड़ लोगों ने दर्शन किए। महाकाल लोक के निर्माण से पर्यटन को नई ऊंचाई मिली है। दूसरे स्थान पर मैहर और तीसरे स्थान पर अमरकंटक रहा है। सभी धार्मिक पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिए हर संभव सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की 109 फीट की मूर्ति स्थापित की गई है।

उज्जैन की आध्यात्मिक धरोहर आध्यात्मिक पर्यटन को दे रही है नई दिशा

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि उज्जैन की आध्यात्मिक धरोहर न केवल भारत की सांस्कृतिक धारा को समृद्ध कर रही है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी आध्यात्मिक पर्यटन को नई दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन नीति में हमने देश की सांस्कृतिक ताकत बढ़ाने वाले धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केन्द्रों के विकास के लिए बड़े प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन भारत की संस्कृति और पर्यटन को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

हिमाचल में बारिश से भारी तबाही

चंबा में बहा मोबाइल टॉवर, 4 एनएच और 677 सड़कें बंद

शिमला । हिमाचल में 72 घंटे लगातार बारिश हुई। इससे चंबा में मोबाइल टॉवर और कुल्लू से मनाली के बीच का हाईवे को बह गया। जबकि 4 नेशनल हाईवे और 677 सड़कें बंद हो गईं। गनीमत रही कि फ्लेश फ्लड और लैंडस्लाइड में कहीं किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन संपति का काफी नुकसान हुआ है। चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे एक बार फिर से 2023 में आई आपदा की तरह टूट गया है और कुल्लू से मनाली के बीच में जगह जगह ब्यास नदी हाईवे को बहा ले गई है। ऐसे में इसे बनाने में लंबा वक्त लग सकता है। हालांकि राहत की बात है कि प्रदेश में बुधवार को धूप खिली है और कुल्लू मनाली में भी बारिश थम गई है। अब ब्यास नदी का जलस्तर धीरे धीरे कम होने लगा है। चंबा के भरमौर में मणिमहेश यात्रा पर गए हजारों लोग वहां फसें हैं। यहां पर मोबाइल नेटवर्क उड़ गए हैं। हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र, दूरसंचार विभाग के अपर महानिदेशक टेलीकॉम ने सूचित किया है कि चंबा शहर और भरमौर उप मंडल, जिला चंबा में इंट्रा-सर्कल रोमिंग सुविधा 7 दिनों के लिए, अर्थात 01 सितम्बर 2025 तक के लिए सक्रिय कर दी गई है। यह पहल प्रभावित क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी को बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। इस क्षेत्र के मोबाइल उपभोक्ता अपने डिवाइस की सेटिंग्स में जाकर किसी भी उपलब्ध मोबाइल नेटवर्क का मैन्युअल रूप से चयन कर सकते हैं, चाहे वह उनके मूल सेवा प्रदाता का नेटवर्क न हो।

इंडियन आर्मी ने अक, क्वांटम और ड्रोन तकनीक पर राष्ट्रीय साइबर चुनौती का किया ऐलान

टेरियर साइबर क्वेस्ट 2025 के जरिए युवा प्रतिभाओं को मिलेगी राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान की अनूठी पहल

नई दिल्ली/महू । भारतीय सेना ने अपनी टेरिटोरियल आर्मी के माध्यम से एक राष्ट्रीय स्तर की साइबर चुनौती, इंडियन आर्मी टेरियर साइबर क्वेस्ट 2025 की घोषणा की है। यह प्रतियोगिता आईआईटी मद्रास, भारतीय सेना अनुसंधान प्रकोष्ठ (कअफउ) और साइबरपीस के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के प्रतिभाशाली युवाओं को वास्तविक सुरक्षा और साइबर खतरों से निपटने के लिए एकजुट करना है। इस पहल के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग क्वांटम कंप्यूटिंग और ड्रोन तकनीक जैसे उभरते क्षेत्रों में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे एक सशक्त डिजिटल रक्षा रणनीति तैयार की जा सके। यह प्रतियोगिता दो प्रमुख चुनौतियों पर केंद्रित होगी। पहला ट्रैक बग हंटिंग चैलेंज है, जो एक उच्च स्तरीय साइबर सुरक्षा हैकाथॉन है। इसके ग्रैंड फिनाले में फाइनलिस्ट 36 घंटे के लाइव बग हंट में भाग लेंगे, जहां वे सेना के बॉस लिनक्स सिस्टम में कमजोरियों का पता लगाएंगे। दूसरा ट्रैक डेटाथॉन है, जिसमें प्रतिभागी रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तकनीकी समाधान विकसित करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। इसमें बड़े डेटासेट का उपयोग करके खतरों की भविष्यवाणी करने और विसंगतियों का पता लगाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य क्वांटम मशीन लर्निंग में स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा देना और ऐसे प्रोटोटाइप समाधान तैयार करना है, जो देश के रक्षा प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे को मजबूत कर सकें।

पहलगाम आतंकवादियों को ढेर करने वाले जवानों को केंद्रीय मंत्री शाह ने किया सम्मानित

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उन जवानों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव के तहत 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेकर पाकिस्तानी समर्थित तीनों आतंकवादियों को ढेर किया था। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सुरक्षाकर्मियों की बहादुरी और पीड़ित परिवारों के दर्द और पीड़ा को कम करने के लिए उनकी सराहना की, जो पहलगाम में बैसरन घाटी में छुट्टियां मनाते समय हुई निर्मम हत्या से स्तब्ध और व्यथित थे। ऑपरेशन महादेव के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों को मार गिराया। यह ऑपरेशन संसद के मानसून सत्र की शुरूआत में ही हुआ था। केंद्रीय मंत्री शाह ने संसद में इसकी जानकारी दी। ऑपरेशन महादेव के बारे में गृह मंत्री ने संसद को बताया था कि सभी जांचों और फॉरेंसिक साक्ष्यों से पुष्टि हुई है कि ऑपरेशन महादेव में मारे गए आतंकवादियों ने ही पहलगाम में एक नेपाली पर्यटक सहित 26 निर्दोष लोगों की हत्या की थी। इससे पहले दिन में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में गृह मंत्री ने सशस्त्र बलों, सीआरपीएफ कमांडो और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों को सम्मानित किया।

गूगल मैप के कारण बड़ा हादसा

बनास नदी में बह गई वैन, 3 की मौत, एक महिला लापता

सवाई भोज मंदिर दर्शन कर लौट रहा था परिवार आए थे

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां गूगल मैप के बताए रास्ते पर चलने के कारण एक परिवार की वैन बनास नदी की टूटी पुलिया में जा गिरी और तेज बहाव में बह गई। हादसे में चार साल की बच्ची और दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक छह साल की बच्ची अब भी लापता है। वहीं, परिवार के पांच लोग वैन की छत पर चढ़कर अपनी जान बचाने में सफल रहे। जानकारी अनुसार हादसा कपासन के राशमी थाना क्षेत्र के सोमी-उपरेड़ा पुलिया पर रात करीब एक बजे हुआ। पुलिस और प्रशासन के मुताबिक, वैन में भूपालसागर थाने के कानाखेड़ा गांव का एक ही परिवार सवार था। परिवार भीलवाड़ा जिले के सवाई भोज मंदिर दर्शन कर लौट रहा था। रास्ता भटकने के बाद वे सोमी गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें चेतावनी दी कि मातृकुंडिया का गेट खुला है और बनास नदी में पानी का बहाव तेज है।

प्रयागराज में गंगा और यमुना बीते दो माह में चौथी बार उफान पर

प्रयागराज। यूपी में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। प्रयागराज में गंगा और यमुना पिछले दो माह में चौथी बार उफान पर हैं। निचले इलाकों के करीब 10 हजार घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। लोग अपनी गृहस्थी समेटकर पलायन को मजबूर हैं। दारागंज, रसूलाबाद, फाफामऊ, झूंसी और अरैल जैसे सभी बड़े श्मशान घाट पूरी तरह डूबे हैं। घाटों पर जगह न मिलने से लोग सड़कों और ऊंचे स्थानों पर चिताएं जला रहे हैं। इधर, वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर लगातार चौथे दिन बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटों में गंगा का जलस्तर 1.99 मीटर बढ़ा है। मंगलवार सुबह 8 बजे गंगा का लेवल वॉर्निंग लेवल पार कर 70.36 मीटर तक पहुंच गया। जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा का जलस्तर हर घंटे औसतन 3 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है। यूपी में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। 22 जिलों में बाढ़ आई हुई है। इससे ढाई लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। वाराणसी में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। 84 घाटों का आपसी संपर्क फिर से टूट गया है। गाजीपुर में फिर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। 5 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से जलस्तर बढ़ रहा है। सुबह 8 बजे नदी का जलस्तर 63.110 मीटर दर्ज किया गया। यहां खतरे का निशान 63.105 मीटर है। बलिया में भी गंगा का पानी तेजी से बढ़ रहा है।

वोटर अधिकार यात्रा का 11वां दिन

दरभंगा में राहुल गांधी ने प्रियंका को बुलेट पर बैठाया और पहुंचे मुजफ्फरपुर

सीएम स्टालिन भी हुए शामिल

दरभंगा। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा बिहार में लगातार आगे बढ़ रही है। बुधवार को यात्रा के 11वें दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दरभंगा से अपनी यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जब राहुल गांधी ने अपनी बहन और वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को बुलेट पर बैठाकर बाइक रैली निकाली। रैली में राजद नेता और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी साथ नजर आए। इस यात्रा में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी शामिल हुए। इससे पहले दरभंगा शहर में जैसे ही राहुल गांधी पहुंचे उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ जुट गई। वोटर अधिकार यात्रा में राहुल-प्रियंका के साथ कांग्रेस सांसद, राजद नेता, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य भी शामिल रहे। बाइक रैली में राहुल गांधी आगे बुलेट पर प्रियंका गांधी को बैठाए हुए थे, जबकि पीछे तेजस्वी यादव लाल टी-शर्ट में नजर आए। यात्रा बन गई खास इसके बाद यात्रा मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुई। जारंग हाई स्कूल मैदान में राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित किया। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी यात्रा में शामिल हुए। मंच पर राहुल और प्रियंका गांधी के साथ स्टालिन व तेजस्वी यादव की मौजूदगी ने इस यात्रा को और खास बना दिया। जनता की आवाज बुलंद करने वाली यात्रा कांग्रेस और राजद नेताओं का कहना है कि यह यात्रा मतदाताओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का अभियान है। राहुल गांधी ने जनसभा में कहा कि लोकतंत्र को बचाने और जनता की आवाज बुलंद करने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। इसी के साथ वोटर अधिकार यात्रा बुधवार शाम मुजफ्फरपुर के गायघाट पहुंचेगी।

सिकटा बॉर्डर पर 62.22 किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बेतिया। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों ने मंगलवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की। दरअसल सिकटा बॉर्डर के पास सोनराटोला गांव (पिलर नंबर 410/01) से एसएसबी और बलथर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को 62.22 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त चरस की कीमत करीब 6 करोड़, 26 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बेतिया के लालगढ़ निवासी सोनू कुमार और मनोज चौधरी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 16,500 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। दोनों बाइक से चरस की खेप लेकर आ रहे थे और नेपाल बॉर्डर के रास्ते इसे अंतरराष्ट्रीय तस्करों तक पहुंचाने की योजना थी। एसएसबी अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई खुफिया सूचना के आधार पर की गई। जब सोनू और मनोज बाइक से सोनराटोला गांव के पास पहुंचे तो उन्हें रोककर जांच की गई। इस दौरान चरस की भारी खेप बरामद हुई।

बाबा महाकाल की कृपा से सिंहस्थ-2028 पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

उज्जैन में तीर्थाटन को दिया जायेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में मिट्टी गणेश प्रतिमा वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा महाकाल की कृपा से इस बार उज्जैन में सिंहस्थ-2028 पिछले सभी रिकार्ड तोड़ेगा। उज्जैन में तीर्थाटन को बढ़ावा दिया जायेगा और उज्जैन के विकास में किसी प्रकार कि कमी नहीं आने दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव महाआयोजन समिति द्वारा आयोजित मिट्टी की गणेश प्रतिमा वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक मंगलकामना दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान श्रीगणेश का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्रीगणेश को प्रथम पूज्य देवता माना गया है। रिद्धि? सिद्धि दाता शुभ कार्य को सफल बनाते हैं, इसलिए हर मंगल कार्य के आरंभ में श्रीगणेश की वंदना अनिवार्य समझी गई है। हमारी प्रकृति का यही संदेश है कि घर-घर में मिट्टी के श्रीगणेश हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्वदेशी के वातावरण के साथ मिट्टी के गणेश के वितरण का उत्सव मनाया जा रहा है। यह हमारे लिए आनन्द का उत्सव है। भगवान की कृपा से देश के विकास के साथ प्रदेश का विकास हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। उज्जैन शहर का निरंतर सौन्दर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। साथ ही सड़क निर्माण, चौड़ीकरण आदि कार्यों के साथ शीघ्र ही शहर में फ्लाईओवर का निर्माण किया जायेगा। पीथमपुर-इंदौर-उज्जैन त?क मेट्रो ट्रेन भी चलेगी। गोपाल मंदिर चौक का शीघ्र विस्तारीकरण किया जायेगा। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने स्वागत भाषण और कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूर्ति वितरण कार्यक्रम में लगभग 300 मिट्टी से बनी मुर्तीयों का वितरण शहर की विभिन्न समितियों और संगठनों को किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विधायक श्री जैन, महापौर मुकेश टृवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव, संजय अग्रवाल आदि ने आत्मीय स्वागत किया और उन्हें श्रीगणेश की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में विवेक जोशी, रूप पमनानी, रमेशचंद्र शर्मा, सत्यनारायण खोईवाल, विशाल राजोरिया, शिवेंद्र तिवारी, ओम जैन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। संचालन जगदीश पांचाल ने किया।

श्रीराम मंदिर निर्माण में मध्यप्रदेश का भी रहा अहम योगदान

म.प्र. के तांबे का हुआ है उपयोग द्व,मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सराहना

भोपाल। अयोध्या में बने भगवान श्रीराम के मंदिर में मध्यप्रदेश का भी योगदान है। यह योगदान इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है। इसकी जानकारी हाल में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव में हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के एमडी संजीव कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में बने मंदिर में मध्यप्रदेश की खदानों से निकले ताँबे का उपयोग हुआ है। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के चेयरमैन श्री सिंह ने कहा कि तांबा एक शाश्वत धातु है। भारत में तांबे के उपयोग का प्राचीन इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने 32 टन कॉपर राम मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अपने उद्बोधन में इस तथ्य पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तांबे के साथ मानव जीवन का संबंध रहा है। यह संबंध सोने, चांदी से बढ़कर है। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा 70 हजार कॉपर स्ट्रिप और 775 कॉपर वायर की रॉडस मंदिर में लगे पत्थरों को जोड़ने के लिए आपूर्ति की गई थी। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गई इस धातु में 99 प्रतिशत शुद्धता और इलेक्ट्रो रिफाइंड कैटेगरी की है। यह ताँबे का शुद्धतम रूप है, जो हजारों साल तक पत्थरों को जोड़ने में कारगर सिद्ध होगा।

सार समाचार

नाश्ता कर लौट रहे बाइक सवार दोस्तो को कार रौंदा, एक की मौत

भोपाल। शहर के बिड़ला मंदिर के पास ही एक कार ने बाइक से जा रहे दो दोस्तों को अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह रौदं डाला। हादसे में एक युवक को जानलेवा चोटें आई जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। उसका हॉस्पिटल में उपचार जारी है। बुधवार सुबह दोनों दोस्त नाश्ता कर वापस लौट रहे थे। अरेरा हिल्स पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भीम नगर में रहने वाले विपिन तिवारी (25) पिता राजेश तिवारी और प्रकाश आपस में करीबी दोस्त थे, दोनो दोस्त एक साथ एक हुक्का लाउंज में पर नौकरी करते थे। बुधवार सुबह के समय दोनो नाश्ता करने के लिये बाइक से निकले थे। वापसी के दौरान जैसै ही दोनो बिड़ला मंदिर के करीब पहुचें तभी टर्निंग पर सामने से आ रही कार उनकी आर 1-5 बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। एक्सीडेंट के बाद आरोपी कार चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। टक्कर लगने से आई घातक चोटों के कारण विपिन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसके दोस्त प्रकाश को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जिसका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। सूचना मिलने पर अरेरा हिल्स पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया, पुलिस फरार कार चालक की पहचान करने के प्रयास कर रही है।

शादी की जिद के चलते नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। अशोका गार्डन इलाके में मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात एक किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से खुदकुशी का कारण पता नहीं चल सका है। लेकिन शुरूआती जॉच में सामने आया की किशोर का एक लड़ी से प्रेम प्रसंग था, वह उसे लेकर घर भी आया था, और परिवार वालो से जल्दी शादी करवाने की जिद कर रहा था, परिवार वालो ने समझाइश देते हुए उसके बालिग हो जाने पर शादी करने की बात कही थी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अशोका गार्डन में स्थित सेठी नगर में में रहने वाला मुजम्मिल उद्दीन (17) पुत्र आसिफ उद्दीन ने दसवीं कक्षा तक पढ़ाई की थी, इसके बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। बीते एक साल से वो एमपी ऑनलाइन शॉप पर कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम करता था। उसके पिता का पूर्व में देहांत हो चुका है। मुजम्मिल परिवार का इकलौता बेटा था। परिवार में मां और एक बहन है। उसके घर में किराएदार रहते हैं जिनके किराए से उनके घर का खर्च चलता है। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर लौटा था। मां ने उससे खाना खाने को कहा लेकिन उसने खाना खाने से मना कर दिया। बाद में वह जल्द शादी कराने की जिद करने लगा, इस पर उसकी मां ने उसे समझाइश देते हुए कहा की वह बालिग हो जाये तब उसकी शादी करा देगीं। इस पर वह नाराज होकर अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद मां उसे दोबारा खाना खाने का पूछने के लिये उसके कमरे में गई तो काफी आवाजे देने पर भी उसने दरवाजा नहीं खोला। बार-बार खटखटाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तब मां को अनहोनी की आशंका हुई। मां ने पीछे वाले दरवाजे से अंदर कमरे में झांककर देखा तो उन्हें बेटे का शरीर फांसी के फंदे पर लटका हुआ नजर आया। मॉ ने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया और उनकी मदद से शव को फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुचीं जहॉ डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी। वहीं मृतक किशोर के दोस्त का कहना है की मुजम्मिल एक नाबालिग लड़की को पसंद करता था, दोनो के बीच बातचीत भी होती थी, हादसे से पहले मुजम्मिल नाबालिग किशोरी को घर लेकर आया था। उसे अपनी मां से मिलाने के बाद जल्द ही शादी कराने की जिद करने लगा। मां ने जब समझाया कि उसके और लड़की के बालिग होने के बाद लड़की के घरवालो से बात करके उन दोनों की शादी कराएंगे। इसके बाद उन्होंने लड़की को भी समझाकर उसके घर लौटा दिया। इस बात से मुजम्मिल नाराज हो गया था। इसके बाद वो दुकान चला गया। वहां से लौटने के बाद उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

बदमाशो ने लौडिंग ऑटो चालक से मारपीट कर ऑटो, नकदी, मोबाइल लूटा

भोपाल। गुनगा थाना इलाके में बीती रात दो बदमाशों ने लोडिंट ऑटो चालक के साथ मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियो ने फरियादी से मोबाइल, नगदी सहित उसका लोडिंग ऑटो तक लूट लिया। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला कायम कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विदिशा निवासी अभिषेक जाटव (22) लोडिंग ऑटो चलाता है। बीती शाम उसके पास दो युवक आए उन्होंने गुनगा के ग्राम माहोली से सामान उठाने की बात कही। बातचीत तय होने पर एक बदमाश साइड दिखाने के लिये अभिषेक के साथ ऑटो में बैठ गया, जबकि उसका साथी बाइक से साथ चलने लगा। जैसे ही ऑटो ग्राम माहौली पहुचां तभी बदमाशों ने उसे रोका और मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट करते हुए बदमाशो ने उसे धमकाते हुए उसका मोबाइल फोन, 15 हजार से अधिक की नकदी और लोडिंग ऑटो लूटकर भाग गए। उनके फरार होने के बाद किसी तरह फरियादी थाने पहुंचा और पूरा सारी घटना बताई। पुलिस ने फौरन ही कार्यवाही शुरू की और एक आरोपी की पहचान विक्रम बंजारा के रूप में करते हुए घेराबंदी कर विक्रम बंजारा सहित उसके साथी को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया करीब 9 लाख का माल बरामद कर लिया है।

मंत्रालय कर्मचारी को सुनार ने लगाई लाखो की चपत

पॉच तोला के जेवरात सहित 11 लाख की नगदी लेकर हो गया चंपत

भोपाल। हबीबगंज थाना इलाके में एक सुनार ने मंत्रालय में पदस्थ कर्मचारी को लाखों रूपए का चूना लगा दिया। फरियादी ने अपनी बहन की शादी के लिए नये जेवरात बनवाने और पुराने जेवरात साफ-सफाई के लिये करीब पांच तोला वजनी सोने के सहित अलग-अलग समय में उसे 11 लाख रूपए थे। इसके बाद आरोपी नगदी व जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गया। बताया गया है की शातिर आरोपी अन्य लोगों को भी इसी तरह लाखों का चूना लगाने के बाद शहर छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार कुंजन नगर बागसेवनिया निवासी दीपक मालवीय (40) ने अपनी शिकायत में बताया की वह शासकीय कर्मचारी हैं, और इनदिनों मंत्रालय में पदस्थ हैं। उनकी अपने एक परिचित के माध्यम से संजीव समांता उर्फ संजू सुनार से जान-पहचान हुई थी। संजीव की दस नंबर स्टाप, हरेकृष्णा मार्केट फस्ट फ्लोर पर स्थित संजू सुनार नाम सोने के जेवरात बनाने व मरम्मत करने की शॉप थी। फरियादी ने फरवरी 2024 से संजू सुनार के पास अपनी छोटी बहन की शादी के लिए सोने के जेवरात बनवाने के लिए अलग-अलग समय में 11 लाख रूपए जमा कराए थे। इसके अलावा उसने करीब पांच तोला वजनी सोने के जेवरात साफ-सफाई और मरम्मत के लिए दिए थे।

स्कूली छात्रा को बर्थ-डे पार्टी के बहाने होटल में बुलाकर किया गैगरेप

आरोपियो सहित महिला सहयोगी, होटल मैनेजर भी गिरफ्तार

गर्भवती होने पर हुआ खुलासा

भोपाल। राजधानी के कोलार थाना इलाके में स्कूली छात्रा के साथ गैंगरेप किये जाने की शर्मनाक घटना सामने आई है। इलाके की एक होटल में किशोरी के साथ गैंगरेप किया गया। सूत्रो का कहना है की मामलें में पुलिस ने किरकिरी से बचने के लिए पूरी घटना को मीडिया से दबाने की कोशिश करते हुए घटनाक्रम को बदल दिया। हैवानियत भरे मामले में पुलिस ने गैंगरेप करने वाले दो आरोपियों के साथ ही होटल संचालक और आरोपियो की एक महिला सहयोगी को भी आरोपी बनाते हुए चारो को गुपचुप ढंग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि छोटी-मोटी घटनाओ में भी सफलता पाने पर पुलिस इनकी जानकारी मीडिया से साझा करती है। लेकिन इस वारदात में ऐसा नहीं हुआ।

यह है पुलिस की कहानी

जानकारी के अनुसार बीती 21 अगस्त को थाना कोलार रोड में एक नाबालिग किशोरी के परिवार वालो ने पुलिस को बताया की उनकी 17 साल की बेटी 12वीं कक्षा की छात्रा है, जो घर से सहेली को छोड़ने के लिये निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी थी। थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किशोरी के अपहरण का मामला कायम कर उसकी खोजबीन शुरू की और उसके चंद घंटों में ही दस्तयाब कर लिया। जॉच में सामने आया की आरोपी किशोरी को एक होटल लेकर गया था, वहॉ उसके साथ उसका दोस्त भी था। आगे की जॉच के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित उसके दोस्त और उसकी महिला सहयोगियों सहित जिस होटल में किशोरी को ले जाया गया था, उस होटल के मैनेजर को भी पोक्सो एक्ट में आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया।

बाद मे उजागर हुई यह कहानी

सूत्रों के अनुसार 17 वर्षीय पीड़िता कक्षा बारहवीं की छात्रा है। उसकी बरामदगी के बाद आगे की छानबीन में पता चला की आरोपी प्रणय रायबोले (20) छात्रा का परिचित हैं। वहीं गैंगरेप का मुख्य आरोपी शाहपुरा थाना क्षेत्र के त्रिलंगा में रहने वाला सुमित उपाध्याय हैं। सुमित उपाध्याय से छात्रा की पहचान प्रणय के जरिए ही स्कूल में हुई थी। प्रणय रायबोले ने जून, 2025 में पीड़िता को फोन करके बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बहाने राजहर्ष कॉलोनी में स्थित होटल आरवी पैलेस बुलाया था। इस होटल के संचालक अमित वर्मा हैं। पीड़िता के होटल पहुंचने पर सुमित उपाध्याय और प्रणय रायबोले ने उसके साथ बलपूर्वक गैंगरेप किया। आरोपियो की करतूत से छात्रा गर्भवती हो गई। जब यह बात उसने आरोपियों को बताई तब पीड़िता को समझाइश देने के आरोपियो ने अपनी सहयोगी महिला नित्या ठाकरे को उसके पास भेजा। नित्या छात्रा को कार से अपने साथ महाबली नगर स्थित एक किराए के कमरे पर लेकर गई। यहां से उसने किशोरी के पिता को मैसेज किया, जिसके बाद घटना की जानकारी पीड़िता के परिवार वालो को लगी और परिजनो ने थाने पहुचंकर उसके लापता होने की सूचना दी थी। गैंगरेप का खुलासा होने पर पुलिस फौरन ही हरकत में आई और प्रकरण में गैगं रेप, पास्को सहित अन्य धाराओ का इजाफा करते हुए दुष्कर्म करने वाले दोनो आरोपियो सुमित उपाध्याय और प्रणय रायबोले सहित उनकी महिला सहयोगी नित्या ठाकरे और होटल आरवी पैलेस के संचालक अमित वर्मा को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुपचुप ढंग से सभी आरोपियो को जेल भेज दिया है।

परदे के पीछे ऐसे तैयार हुई नई कहानी

पुलिस सूत्रों ने बताया कि छात्रा ने आरोपियो द्वारा गर्भवती होने की जानकारी परिजनों को बताई। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे थे। लेकिन, गैंगरेप का मामला मीडिया में उजागर होने पर पुलिस की किरकिरी होती। इसलिए मामले में पहले किशोरी को झांसा देकर अपहरण करने प्रकरण दर्ज किया। बाद में नाबालिग को दस्तयाब करना बताते हुए उसके बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अपहरण के मामले में गैंगरेप, बंधक बनाने, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं का इजाफा किया गया। जबकि कोलार रोड थाने में 21 अगस्त की रात साढ़े दस बजे गुमशुदगी दर्ज हुई थी। जिसके बाद ही कोलार रोड थाना पुलिस ने ही थोड़ी देर बाद ही अपहरण का भी प्रकरण दर्ज कर लिया। उसके बाद प्रकरण में गैंगरेप सहित अन्य धाराएँ बढ़ाकर मीडिया से इसे छिपाने का प्रयास किया गया। हालांकि थाना पुलिस इन बातों को निराधार बता रही है।

एम्स से डॉक्टर बनने के लिये छात्र ने नीट में मिले नंबरो में की हेराफेरी

दस्तावेजो की जॉच में पकड़ा गया

एम पी ट्रांसको बड़वानी के अभियंता वीर सिंह भूरिया ने बताया कि मुहिम के पहले चरण में लोगों को समझाइश दी गई थी।

भोपाल। उत्तर प्रदेश का एक छात्र बारहवीं की परीक्षा पास करने के बाद डॉक्टर बनना चाहता था, लेकिन कई बार नीट की परीक्षा देने के बाद भी उसकी अच्छी रैंक नहीं आने के कारण उसने एम्स भोपाल में मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए एमसीसी की वेबसाइट पर अपनी रैंक व पासिंग मार्क में फेरबदल कर खुद ही अलॉटमेंट लेटर जारी कर लिया। इसके बाद जब वह एम्स भोपाल में एडमिशन लेने पहुंचा तब उसके दस्तावेजों की जांच में सारा फजीर्वाड़ा उजागर हो गया। मामले में एम्स रजिस्ट्रार ऑफिस के सहायक क्लर्क ने बागसेवनिया थाने में शिकायत की थी। जिसकी जॉच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम किशनपुर थाना राजपुर कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी लवकुश प्रजापति पुत्र मुकता प्रसाद(22) ने साल 2021 में 12वीं की परीक्षा पास की थी। इसके बाद उसने नीट की तैयारी करना शुरू कर दिया। साल 2021, 2022, 2023 और 2024 में उसने नीट की परीक्षा दी थी, लेकिन हर वार वह असफल रहा। उसके नीट की परीक्षा में अच्छे नंबर आए रैंक नहीं आई। लेकिन वह किसी भी तरह मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहता था। नीट की परीक्षा में उसकी अच्छी रैंक नहीं आने के कारण उसे किसी भी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन नहीं मिल रहा था। इस कारण उसने हाल ही में एम्स भोपाल में दाखिला लेने के लिए मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) इंडिया की वेबसाइट पर जाकर अपना रोल नंबर बदला। उसे नीट परीक्षा में 720 में से 130 नंबर मिले थे, जिसे बदलकर उसने 630 कर दिया और अपनी रैंक बदल ली। इसके बाद छात्र ने वेबसाइट से एम्स भोपाल में दाखिला लेने के लिए अलॉटमेंट लेटर भी जारी कर लिया। सभी फर्जी दस्तावेज लेकर वह विरार मुंबई से 25 अगस्त को भोपाल पहुंचा और एम्स के रजिस्ट्रार ऑफिस में दस्तावेज जमा करा दिए। रजिस्ट्रार ऑफिस में छात्र लवकुश प्रजापति के दस्तावेजों की जांच की गई तो पता चला कि वह रोल नंबर एक छात्र का भुवनेश्वर मेडिकल कॉलेन में एडमिशन हो चुका है। इसके बाद एम्स रजिस्ट्रार ऑफिस के सहायक क्लर्क प्रशांत कुमार मिश्रा पिता योगेश कुमार मिश्रा निवासी ऐशबाग ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की थी। जिसकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी छात्र लवकुश प्रजापति के खिलाफ धोखाधड़ी सहित धाराओं में मामला कायम कर लिया।

आयुष्मान योजना ने नागरिकों को बनाया है सशक्त -उप मुख्यमंत्री शुक्ल

समेकित और सतत प्रयास से मातृ और शिशु मृत्यु दर में सुधार में प्रदेश अग्रणी

हटा में निजी अस्पताल का किया शुभारंभ

भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के 4 करोड़ 50 लाख नागरिकों को आयुष्मान योजना ने सशक्त बनाया है। आज गरीब व्यक्ति बड़े से बड़े अस्पताल में अपना इलाज मुफ्त में करवा पा रहा है। मातृ और शिशु मृत्यु दर में सुधार में प्रदेश अग्रणी है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य अमले की समर्पित सेवा और सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जैसे हमने कृषि में पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ा है, सड़कों के मामले में महाराष्ट्र गुजरात को उसी प्रकार दृढ़ संकल्प से हम स्वास्थ्य के मामले में केरल और तमिलनाडु जैसे परफॉर्मेंस वाले राज्यों के साथ अग्रणी सूची में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दमोह के हटा में निजी चिकित्सालय का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि हटा में ऐसे अस्पताल का शुभारंभ हो रहा है जो सेवा की भावना से बनाया गया है, पीड़ित मानवता की सेवा के लिए यह अस्पताल बनाया गया है। आयुष्मान धारकों के इलाज के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने 9 हजार 800 करोड़ रुपए का भुगतान सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल के लिये किया है।

सीहोर में गणेश चतुर्थी का भव्य उत्सव, चिंतामन मंदिर में जनसैलाब और गूँजे बप्पा के जयकारे

फोटो-चिंतामन गणेश मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक भेल पॉवर

सीहोर। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार को सीहोर का ऐतिहासिक चिंतामन गणेश मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। अल सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन की गूंज और भक्तों की जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। ठीक दोपहर 12 बजे विशेष विधि-विधान से महाआरती संपन्न हुई, जिसमें जिले के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, विदिशा, राजगढ़ और रायसेन से हजारों भक्तों ने शामिल होकर दर्शन लाभ पाया। **10 दिवसीय गणेश उत्सव का आगाज-** महाआरती के साथ ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव मेले का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं का तांता पूरे दिन लगा रहा। चिंतामन गणेश मंदिर की विशेष मान्यता और चमत्कारी शक्तियों के कारण यहां हर वर्ष गणेश चतुर्थी पर भक्तों का सैलाब उमड़ता है। कहा जाता है कि यह मंदिर देश के उन प्रमुख स्थानों में से एक है, जहां गणपति बप्पा स्वयं

मूर्ति रूप में विराजमान हैं। **मंदिर का ऐतिहासिक महत्व और परंपराएं-** मंदिर के पुजारी पंडित चारु चंद्रा व्यास ने बताया कि चिंतामन गणेश मंदिर लगभग दो हजार वर्ष पुराना है। पेशवा कालीन यह मंदिर देश के 84 सिद्ध गणेश मंदिरों में से एक है। यहां बड़े-बड़े संत महात्मा दर्शन करने आते रहे हैं। खास परंपरा के तहत भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने की आशा में पिछली दीवार पर उल्टा स्वास्तिक बनाते हैं और जब इच्छा पूरी हो जाती है तो उसे सीधा करते हैं। यह परंपरा आज भी भक्तों की आस्था को और गहरा करती है। **शहर में 300 से अधिक पंडालों में विराजे बप्पा-** केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि पूरा सीहोर गणेशमय हो गया है। इस बार शहर और ग्रामीण अंचल में 300 से अधिक पंडाल सजाए गए। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की गूंज के बीच गजानन के अलग-अलग भव्य रूपों में प्रतिमाएं स्थापित की गईं। कोतवाली चौराहा समिति का रकिंग ऑफ कोतवालीर दरबार इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां आतिशबाजी और विद्युत सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। **मेले की रौनक और सुरक्षा व्यवस्था-** गणेशोत्सव के साथ ही मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र मेले की रौनक से गुलजार रहा। बड़े-बड़े झूले, खाने-पीने के स्टॉल और खिलौनों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया तो महिलाएं और पुरुष खरीदारी और भक्ति दोनों में लीन दिखे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है। भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक और पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है। लगभग 150 पुलिस जवान सुरक्षा में तैनात हैं। **आस्था और भक्ति का संगम-** गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मेल का प्रतीक भी बन गया है। ढोल-ढमाकों की गूंज, भक्ति गीतों की धुन और रगणपति बप्पा मोरयार के जयकारों ने पूरे सीहोर को भक्ति के रंग में रंग दिया। श्रद्धालु मानते हैं कि विघ्नहर्ता गणपति उनके जीवन से दुख-दर्द हरकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देंगे।

भोपाल में नव पदोन्नत अधिकारियों के लिए छह दिवसीय INSPIRE PROGRAM

दैनिक भेल पॉवर

भोपाल। बीएचईएल, भोपाल में नव पदोन्नत अधिकारियों के लिए छह दिवसीय INSPIRE PROGRAM (18-23अगस्त) का शुभारंभ श्री रूपेश तेलंग, महाप्रबंधक (FEEDERS, TCB-MFG, COM.& MAINT.) ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री टी यू सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं श्रीमती सुरेखा बंछोर, अपर महाप्रबंधक (एचआरडीसी) भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 38 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। अपने संबोधन में श्री तेलंग ने पदोन्नत सभी कर्मचारियों को अपने नए कर्तव्यों के प्रति सजग एवं सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित किया और नई जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री टी यू सिंह ने सभी पदोन्नत प्रतिभागियों को कंपनी के लिए चुनौतीपूर्ण माहौल में कार्य करने के लिए सदैव तैयार रहने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से सभी को भरपूर लाभ उठाना चाहिए। तत्पश्चात उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गुणता, सुरक्षा, विजिलेंस, वित्तीय प्रबंधन, बिजनेस संवाद में अक और मानव संसाधन सीडीए रूल्स, तनाव प्रबंधन, टीम बिल्डिंग आदि अनेक पहलुओं को समाहित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार श्रीमती कीर्ति सिंह, प्रबंधक (एचआरडीसी) ने किया।

वर्तमान वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर में 6 प्रतिशत की विशेष छूट के अब केवल 04 दिन शेष करदाता 31 अगस्त 2025 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करें और छूट का लाभ उठाएं

दैनिक भेल पॉवर

भोपाल। नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के सम्पत्तिकर में दी जा रही 06 प्रतिशत की छूट के अब केवल 04 दिन शेष है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वह अंतिम तारीख का इन्तजार न करें और अपने सम्पत्तिकर सहित अन्य करों व शुल्कों का भुगतान 31 अगस्त 2025 से पूर्व कर सम्पत्तिकर में 06 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाएं। निगम प्रशासन ने करदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत अवकाश के दिनों में भी सभी वार्ड कार्यालय खुले रखने तथा वार्ड क्षेत्रों में राजस्व वसूली शिविर के आयोजन की सुविधा भी प्रदान की है साथ ही करदाता अपने करों का भुगतान निगम के किसी भी वार्ड कार्यालय के अलावा www.bmconline.gov.in पर ऑन लाईन कर सकते है। निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने निगम के राजस्व अमले को निर्देशित किया है कि वह अधिक से अधिक करदाताओं को छूट का लाभ पहुंचाने हेतु करदाताओं को संपत्तिकर में दी जा रही 06 प्रतिशत की विशेष छूट की जानकारी देकर उन्हें 31 अगस्त 2025 से पूर्व संपत्तिकर जमा कराने के लिए प्रेरित करें और वार्ड कार्यालय अथवा राजस्व वसूली शिविरों में आने वाले करदाताओं को करों की अदायगी में किसी प्रकार की कठिनाई न आने दें। निगम प्रशासन ने करदाताओं से अपील की है कि वह अंतिम दिन का इंतजार न करें और 31 अगस्त 2025 से पहले अपने देय संपत्तिकर का भुगतान निगम के किसी भी वार्ड कार्यालय के अलावा www.bmconline.gov.in पर ऑन लाईन कर छूट का लाभ उठाएं और शहर के विकास में भी अपनी सहभागिता दर्ज कराएं।

विद्युत विभाग की मनमानी चरम पर, बिना सूचना के काटे जा रहे कनेक्शन

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। नगर से एक चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है जहाँ विद्युत विभाग के कर्मचारियों की मनमानी से आम जनता परेशान है। इलाके में कई उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के काट दिए गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्हें न तो कोई नोटिस मिला, न ही बकाया बिल की कोई स्पष्ट जानकारी दी गई। अचानक से बिजली गुल हो जाने से न केवल घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि छोटे व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक स्थानीय निवासी का कहना था, बिना किसी सूचना के बिजली काट दी गई। बच्चों की पढ़ाई और घर का सारा काम ठप हो गया है।रकई लोगों का यह भी आरोप है कि विभागीय कर्मचारी किसी भी पूछताछ का सही जवाब नहीं दे रहे हैं और और मनमर्जी से कार्रवाई कर रहे हैं। इस मामले पर जब हमारे संवाददाता ने विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी से बात की तो उनका कहना है, रकुछ उपभोक्ताओं के बिल लम्बे समय से बकाया हैं, इसलिए कार्रवाई की गई है।र हालांकि, सवाल यह उठता है कि क्या बिना सूचना के किसी का बिजली कनेक्शन काटना उपभोक्ता अधिकारों का हनन नहीं है? अब देखना यह है कि विभाग इस लापरवाही पर क्या कार्रवाई करता है और आम जनता को कब तक राहत मिलती है।

दुखी किसानों ने खराब हुई सोयाबीन की फसल एवं बीमा ना मिलने के कारण रोड पर निकाली लंबी रैली

रोड पर एवं खराब फसलों में बैठकर किया प्रदर्शन

दैनिक भेल पॉवर

सीहोर। जिले के ग्राम पीपलनेर और आसपास के गांवों के किसान पिछले कई सालों से खराब हुई सोयाबीन की फसल और बीमा राशि न मिलने से बेहद दुखी हैं। बुधवार को किसानों ने आक्रोशित होकर लंबी रैली निकाली और हाथों में खराब सोयाबीन की फसल लेकर सड़क पर बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि विगत 5 वर्षों से लगातार सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। इस साल भी फसल खराब हो गई है, लेकिन न तो बीमा कंपनी ने उन्हें राशि दी और न ही कृषि विभाग के अधिकारियों ने कोई सर्वे कराया। ग्राम पीपलनेर के किसानों ने सोयाबीन की फसल खराब हो जाने के कारण एवं 5 साल से बीमा राशि नहीं मिलने से दुखी होकर रोड पर एवं खराब सोयाबीन की फसल में एवं रोड पर बैठकर जमकर प्रदर्शन किया।बीमा राशि देने के नारे लगाए। किसानों ने खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लिए लंबी रैली निकाली और रोड पर एवं खराब सोयाबीन की फसल में पर धरने पर बैठ गए और सरकार से बीमा राशि देने एवं खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे करा कर राहत राशि देने एवं बीमा राशि देने की मांग की गई। सीहोर जिले के अनेक गांव के किसान लोग पिछले एक सप्ताह से किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान लोग किसी न किसी गांव की नदी में जल सत्याग्रह कर रहे हैं किसानों ने मंगलवार को कलेक्ट सीहोर के कार्यालय पहुंचकर एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर 5 साल से खराब हुई सोयाबीन की फसल का बीमा देने की मांग की और खराब हो रही सोयाबीन की फसल की शीघ्र सर्वे करा कर अधिकारी को गांव में भेजने की मांग भी की गई लेकिन ज्ञापन देने के बाद भी इतना कुछ करने के बाद भी ना बीमा कंपनी के कृषि विभाग के कोई भी अधिकारी ग्राम पीपलनेर नहीं आए तो दुखी परेशान होकर किसानों खराब सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर लेते हुए रोड रोड लंबी रैली निकाली। इस दौरान जमकर बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाए और सरकार से बीमा राशि देने की मांग की गई। रोड पर एवं खेतों में किसान प्रदर्शन करते रहे और सरकार से मांग की है कि हमारी खराब हुई फसल को जाकर देखें और विगत 5 साल से खराब हो रही सोयाबीन की बीमा राशि दिलाए। किसान मानसिंह परमार, गजराज सिंह राजपूत, इंदर पटेल, लक्ष्मी नारायण, अवध नारायण, ज्ञान सिंह, लक्ष्मी नारायण, अवध नारायण, महेश विश्वकर्मा, मेहरबान सिंह राजपूत किसानों ने भयंकर जमकर नारेबाजी करते हुए और खराब सोयाबीन की फसल

देवी-देवताओं, सनातनी मान्यताओं, परंपराओं और लोगों का अपमान कर माफी मांगना इनकी आदत

पिछले 5 सालों में अपने यहां कुप्रबंधन से हुई मौतों और घायलों के परिजनों से माफी मांगकर उन्हें क्रमशः 1 करोड़ और 50 लाख का मुआवजा दें प्रदीप मिश्रा - पंकज शर्मा

दैनिक भेल पॉवर

सीहोर। कथावाचक प्रदीप मिश्रा के भांजे समीर शुक्ला द्वारा शहर के एक प्रतिष्ठित, सम्मानित और वरिष्ठ पत्रकार से बदसलूकी कर उनसे माफी मांगने पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने उस पर करारा निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि आज कथावाचक प्रदीप मिश्रा और उनके सहयोगियों का अहंकार सातवें आसमान पर चढ़ गया है, अब तक तो देखा गया था कि प्रदीप मिश्रा ही हिन्दू देवी-देवताओं सहित सनातनी परम्पराओं, मान्यताओं और लोगों का अपमान करके उनसे माफी मांगते थे, लेकिन अब तो उनके भांजे ने उनसे भी एक कदम आगे निकलते हुए शहर के एक प्रतिष्ठित, सम्मानित और वरिष्ठ पत्रकार का खुलेआम अपमान कर दिया और जब सभी पत्रकार एकजुट हो गए और मामला थाने पहुंचा, तो बढ़ते दबाव के कारण समीर शुक्ला को उन पत्रकार से माफी मांगनी पड़ी। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इस चौथे स्तंभ पर रिपोर्टिंग करने के दौरान समीर शुक्ला द्वारा बदसलूकी करते हुए उनका मोबाइल छीनकर फरार हो जाना तथा उसमें से उनके द्वारा मेहनत से खबर के लिए बनाए गए फोटो और वीडियो डिलीट करना उनके अहंकार और दुस्साहस को दशार्ता है, जिसके लिए आज आखिरकार उनको सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी। पंकज शर्मा ने कहा कि अब प्रदीप मिश्रा को भी अपने यहां पिछले 5 सालों में कुप्रबंधन के कारण हुई मौतों के लिए सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए और मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ रुपए और घायलों के परिजनों को 50 लाख रुपए देने चाहिए तथा आगे से उनके आयोजनों में अव्यवस्था नहीं होने की लिखित गारंटी देनी चाहिए। पंकज शर्मा ने अंत में कहा कि अब इनके यहां कुप्रबंधन से हुई मौतों का मामला न्यायालय भी पहुंच चुका है और इस मामले में 13 सितंबर को सुनवाई होनी है, उससे पहले ही सीहोर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को प्रदीप मिश्रा और श्री विट्ठलेश सेवा समिति पर गैर इरादतन हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम कर इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के पास न्यायालय को बताने के लिए पर्याप्त जानकारी हो और माननीय न्यायालय के सामने उनको नीचा ना देखना पड़े तथा सीहोर जिले की छवि देश-विदेश में खराब होने से बच सके।

एनसीवीईटी से अवॉर्डिंग बॉडी की मान्यता प्राप्त करने वाले देश के चुनिंदा संस्थानों में शामिल हुआ स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी

उद्योग जगत की आवश्यकत अनुरूप स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार करने में मदद करेगी स्कोप ग्लबोल स्किल्स यूनिवर्सिटी

दैनिक भेल पॉवर

भोपाल। मध्य भारत की पहली स्किल्स यूनिवर्सिटी, स्कोप ग्लोबल स्किल्स (एसजीएसयू) को भारत सरकार के नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) द्वारा अवार्डिंग बॉडी के रूप में मान्यता दी गई है। एनसीवीईटी अप्रूव्ड अवॉर्डिंग बॉडी उद्योग जगत की आवश्यकता के अनुसार नए कोर्सेज एवं क्वालिफिकेशन्स डिजाइन कर सकती है और स्टूडेंट्स को उन क्वालिफिकेशन्स पर सर्टिफाई भी कर सकती है जिससे युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर आसानी से प्राप्त हो सकें। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तहत एनसीवीईटी देश में व्यावसायिक शिक्षा के मानकों को निर्धारित करने वाला शीर्ष निकाय है। एसजीएसयू के कुलाधिपति श्री सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि यह मान्यता मिलना हमारे लिए गर्व का विषय है। इससे हम उद्योग की अपेक्षाओं और राष्ट्र की वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने वाले मापदंड तैयार कर सकेंगे। यह कदम भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति को सशक्त बनाने के हमारे प्रयासों को और मजबूत करेगा। आगे वे कहते हैं कि इस प्रयास में एनसीवीईटी मान्यता प्राप्त अवॉर्डिंग बॉडी की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए मानक निर्धारित करते हैं। उनकी मंजूरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित करती है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलती है। साथ ही एनसीवीईटी अप्रूव्ड अवॉर्डिंग बॉडी उद्योग जगत की आवश्यकता के अनुसार नई क्वालिफिकेशन्स डिजाइन कर सकती है और स्टूडेंट्स को उन क्वालिफिकेशन्स पर सर्टिफाई भी कर सकती है। कुलपति डॉ. विजय सिंह ने बताया, इस उपलब्धि के बाद हमारा लक्ष्य उद्योग के साथ साझेदारी को और गहरा करना है। हम अपने कार्यक्रमों को उभरते क्षेत्रों जैसे आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवाएँ और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के अनुरूप ढाल रहे हैं ताकि हमारे छात्र भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार हो सकें। विश्वविद्यालय ने इस दिशा में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित किए हैं। कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने कहा, हमारी विशेषीकृत प्रयोगशालाएँ और लुकस न्यूएल्ले व हीरो जैसी कंपनियों के साथ हमारी साझेदारी छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करती है। यह मान्यता एसजीएसयू को भारत के कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बनाती है।

निर्जला व्रत कर सुहागिनों ने लिया आशीर्वाद

दैनिक भेल पॉवर

गोटेगांव। हरतालिका तीज पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग परिसर स्थित शिव मंदिर में सुहागिन महिलाओं एवं कुंवारी लड़कियों ने बड़े ही उत्साह के साथ श्रद्धा पूर्वक भक्ति भाव से निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव माता पार्वती की पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने भगवान शिव पार्वती माता से प्रार्थना की, सुहागिन श्रीमती जिया कृपलानी बताती है कि आज के दिन मां पार्वती मैया ने भगवान भोले बाबा के लिए यह व्रत निर्जला रखकर पूजन अर्चन किया था, इसीलिए हम सभी सुहागन महिलाओं ने अपने दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि के साथ-साथ हर मनोकामनाएं पूर्ण हो इसलिए यह व्रत हम सभी महिलाओं द्वारा किया जाता है वहीं उपस्थित श्रीमती मीना खर्चे ने बताया आज हरतालिका तीज व्रत के दिन जो कुंवारी लड़कियां इस व्रत को पूर्ण विधिविधान से व्रत करती है उन्हें भगवान भोले बाबा और पार्वती मैया उन्हें मनचाहा वर प्रधान करते हैं और जो शादीशुदा महिलाएं व्रत रखती हैं वह अपने पति की दीघार्यु के लिए और साथ ही घर में सुख समृद्धि बनी रहे इस व्रत को करके माता पार्वती और भोले बाबा का आशीर्वाद लेते हैं जैसा की माता पार्वती ने शिव बाबा के लिए यह व्रत रखा था ऐसे ही हर सुहागन महिलाएं और कुंवारी लड़कियां हरतालिका तीज व्रत को करती है इस व्रत को करने से भगवान भोले बाबा और माता पार्वती मैया हर मनोकामना पूर्ण करती हैं इस अवसर पर श्रीमती राधाबाई ठाकुर श्रीमती ज्योति ठाकुर श्रीमती रोशनी ठाकुर कुमारी नंदिनी ठाकुर श्रीमती अदिति साहू कुमारी वर्षा सहित अन्य मातृशक्ति एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही।

सुप्रतिष्ठित कवि कथाकार श्री संतोष चौबे "सुदीर्घ सेवा सम्मान-2025" से हुए सम्मानित

दैनिक भेल पॉवर



आकार वीडियोटेक के प्रतिष्ठित आयोजन 'आकार फिल्मोत्सव' में सुप्रसिद्ध कवि- कथाकार एवं विश्व रंग के निदेशक श्री संतोष चौबे को साहित्य, कला, संस्कृति और हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचारझप्रसार में किए गए अनुकरणीय योगदान हेतु ''सुदीर्घ सेवा सम्मान-2025'' प्रदान किया गया। यह भव्य आयोजन भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित राजीव गांधी सभागार, एन.आई.टी.टी.टी.आर. में संपन्न हुआ। समारोह में विश्व विख्यात ध्रुपद गायक पद्मश्री उमाकांत गुंदेचा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ बड़ी संख्या में साहित्यकारों, कलाकारों, रंगकर्मियों, फिल्मकारों और संस्कृति प्रेमियों ने सहभागिता की। सुप्रसिद्ध कवि-कथाकार, उपन्यासकार, संपादक और अनुवादक श्री संतोष चौबे अपने अभिनव रचनात्मक प्रकल्पों और साहित्य-संस्कृति में निरंतर नवाचार के लिए वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान रखते हैं। हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रसार के उद्देश्य से उन्होंने वर्ष 2019 में भोपाल से अंतरराष्ट्रीय विश्व रंग महोत्सव की शुरूआत की थी, जो आज 50 से अधिक देशों में सक्रिय है। जनवरी 2025 में मॉरीशस में हुए विश्व रंग के भव्य आयोजन के बाद अब 26 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक कोलंबो (श्रीलंका) में इसका अगला अंतरराष्ट्रीय संस्करण आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नवंबर 2025 में भोपाल में भी इस महोत्सव का आयोजन प्रस्तावित है। हाल ही में श्री संतोष चौबे को नीदरलैंड्स से साझा संसार अंतरराष्ट्रीय सम्मान- 2025 प्रदान किया गया है। इससे पूर्व उन्हें सिंगापुर में विश्व हिंदी शिखर सम्मान-2024, फ्रांस में भारत गौरव सम्मान- 2024, लंदन में वातायन यू.के. अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान-2023 तथा अमेरिका में प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2023 से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके रचनात्मक अवदान को अनेक साहित्यिक पुरस्कारों से मान्यता मिली है। उनकी कविता संग्रह कहीं और सच होंगे सपने के लिए मध्यप्रदेश साहित्य परिषद का दुष्यंत कुमार पुरस्कार, आलोचना ग्रंथ कला की संगत के लिए स्पंदन आलोचना सम्मान, अनुवाद कृति मास्को डायरी के लिए मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का पुरस्कार और उपन्यास जलतरंग के लिए शैलेश मटियानी सम्मान तथा अंतरराष्ट्रीय वैली ऑफ वड्र्स अवार्ड से उन्हें अलंकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, समग्र साहित्यिक योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय दुष्यंत सम्मान और शिवमंगल सिंह सुमन अलंकरण भी प्राप्त हुए हैं। प्रतिष्ठित ह्लसुदीर्घ सेवा सम्मानझ2025ह्व से सम्मानित होने पर श्री संतोष चौबे को विश्व रंग टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र, प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र, टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, आईसेक्ट विश्वविद्यालय, वनमाली सृजन पीठ सहित अनेक सहयोगी संस्थाओं ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

दैनिक भेल पॉवर

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी परम आदरणीय सु श्री नेहा बग्गा दीदी को जन्मदिन की शुभकामनाए देने पहुंचे हीरो हिन्दू फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिन्दू सहित नानक ददलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, राजकुमार दड़वानी, रवि ललवानी, माधव कुमार, प्रकाश मीणा आदी उपस्थित रहे और बाबा महाकाल की कृपादृष्टि आप पर और बड़ी बहन की हम पर सदैव बनी रहे। ऐसी कामना के साथ शुभकामनाएं दी।

संघ का त्रिदिवसीय व्याख्यान - सहमतियों के बिंदुओं की खोज

जहां उम्मीद है, वहां जीने की ताकत है। दबावों और असफलताओं का सामना करते समय भी हमें उनका सामना करने का विश्वास होना चाहिए। तो, हम उम्मीद कैसे पा सकते हैं? कृपया निम्नलिखित बाइबल पदों को पढ़ें।



परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्, धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे

अब ऐसा तो हो नहीं सकता न! कि, कलियुग में भी श्रीकृष्ण पुनि-पुनि जन्मते ही रहें। कलियुग में तो इस प्रकार का विमर्श व प्रबोधन ही समय-समय पर किया जा सकता है। दिल्ली में हो चल रही त्रि-दिवसीय व्याख्यान माला को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. श्रीमान मोहनराव भागवत संबोधित कर रहे हैं। ह्यसंघ के से वर्ष पर, 26-28 अगस्त, 2025 तक चल रही इस व्याख्यानमाला के प्रथम दिवस में सरसंघचालक ने कहा -

ह्यगुरुनानक देव की वाणी में मिलता है खुरासान खसमाना किया, हिंदुस्तान डराया। उन्होंने बाबर के अत्याचारों का वर्णन किया है और कहा है न हिंदू महिलाओं का शील बचा, न मुस्लिम महिलाओं की अस्मत बची। फिर इसी तारतम्य में कहा - अपना स्वाभाविक धर्म क्या है? समन्वय झ संघर्ष नहीं। और फिर इसी विषय में वे बोले - चालीस हजार वर्ष पूर्व से भारत के लोगों का डीएनए एक है। हमारी संस्कृति एक है, मिलजुल कर रहने की। अंत में इस विषय को इस वाक्य से मन्त्रसिद्ध किया - इस देश में हिन्दू, मुसलमान, बौद्ध आदि-आदि आपस में संघर्ष नहीं करेंगे; इसी देश में जिएँगे, इसी देश में मरेंगे।

सरसंघचालक जी की इस बात को मैं इस अर्थ में लेता हूँ कि, आज हमें सहमतियों और असहमतियों के बिंदु खोजने होंगे।

असहमतियों के बिंदु खोजना और उन बिंदुओं पर विचार विमर्श कर सहमति का निर्माण करना ही युगधर्म व राष्ट्रधर्म है।

हमारी ह्यनहींह्ल को संपूर्ण अर्थों में ह्यनहींह्ल ही समझा जाए, यह आग्रह अब सस्वर हिंदू समाज, मुस्लिम समुदाय के समक्ष रखना चाहता है। हिंदू समाज के आग्रहों के विषय में ह्यनहींह्ल को ह्यहाँह्ल बताने हेतु अनावश्यक कुतर्क नहीं आने चाहिए। गौरक्षा जैसी मासूम, कोमल सी बातों को मासूमियत से मानने, भोलेपन से स्वीकारने से और कुतर्क न करने से ही नव इतिहास निर्मित होगा।

यदि हमारा भारतीय समाज इन कथित नरेटिव्ज के प्रति जागृत नहीं होता और सरकार सावधान नहीं होती तो ये कथित बुद्धिजीवी व अर्बन एक्टिविस्ट तो भारत में सप्रयास गृहयुद्ध ही करवा देते।

संघ के इस जैसे प्रबोधन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदू-मुस्लिम के आग्रह-दुराग्रह, सहमति-असहमति, मति-विमति, विश्वास-अविश्वास, दूरी-समीपता, संवाद-चूप्पी, घटनाएं-दुर्घटनाएं आदि आदि पर चर्चा करने और एक दिशा में संग-संग बढ़ने हेतु ही होता है।

यहां इस बात का दोहराव आवश्यक है कि हम हिंदूओं की असहमति के बिंदु इस्लाम, नमाज, पैगम्बर, मस्जिद, कब्र, दरगाह, मदरसे आदि आदि कतई नहीं है। यदि राष्ट्र निर्माण के विषय, डीएनए के अनुरूप होकर, मदरसो में केंद्रीय विषय बनते हैं, तो, मदरसे से भी हमें असहमति नहीं है! इस देश के एक सौ बीस करोड़ लोगों को व्यक्तिगत असहमति है काफिर पुकारे जाने से। असहमति है - लव जिहाद से, गौ हत्या से, लैंड जिहाद से, देश विभाजन की सोच से, हिंदू कन्याओं के अपहरण करने और उन्हें बरगलाने से। हमें असहमति है देश के भीतर पाकिस्तान बनाने से। जनसंख्या असंतुलन बढ़ाने से भी हमें घोर असहमति है। इस देश के वीरों की, हुतात्माओं की उपेक्षा और विदेशी आक्रांताओं के महिमामंडन से असहमति है। इस देश पर हम पुनः शासन करेंगे इस सोच से असहमति है। कसाब जैसों से सहानुभूति प्रत्येक भारतीय को बुरी लगनी चाहिए, चाहे हिंदू हो मुसलमान। रसखान से लेकर अब्दुल कलाम जी तक की पुष्पमाला भी कोई छोटी मोटी नहीं है। अशफाकुल्ला खां जैसी हुतात्माएं इस माला के प्रमुख पुष्प हैं। इस पुष्पमाला की चर्चा और प्रशंसा करने में भी कुछ को आपत्ति होती है! यह आपत्ति भी असहमति का एक बिंदु है। रसखान से लेकर अब्दुल कलाम तक की पुष्पमाला को अपना आदर्श नहीं मानते हैं, तो इससे असहमति है। अकबर-औरंगजेब जैसे विशुद्ध बाहरी शासकों से हमें असहमति है। तैमूर खां जैसे नाम रखना भला किसे अच्छा लगता होगा? इस देश से प्यार, दुलार लिया जाए; इस देश से अकूत संपत्ति कमाई जाए और फिर कहा जाए - ह्यभारत देश रहने योग्य नहीं है - भारत में रहने में हमें भय लगता हैह्ल; इस प्रकार की बातों से असहमति है। इस प्रकार के जुमले हिंदू मानस को भावनात्मक रूप से तोड़ देते हैं। इस प्रकार की घटनाओं से यह सहज प्रतिक्रिया निकलती है कि, रहने योग्य नहीं है तो, ह्ययह देश छोड़ दोह्ल! फिर कथित प्रगतिशील मीडिया इस पर बहस कराता है और कट्टर हिंदुत्व की बातें कहता है। एक भावनात्मक चोट का उत्तर इस प्रकार भावनात्मक आवेग से ही आयेगा, इसे स्वीकार कीजिए! यह मानवीय गुण है। हिंदुत्व कट्टर हो नहीं सकता; इस तथ्य को शताब्दियों ने अकाट्य रूप से स्थापित किया हुआ है। भारत व भारतीयता के विरुद्ध इस प्रकार के प्रलाप करने वालो या विधवा विलाप करने वालो के विरुद्ध जब मस्जिदों से फतवे जारी नहीं होते हैं, तब असहमति उत्पन्न होती है। देश का मुस्लिम नेतृत्व व उच्च वर्ग जब इन जैसे अलगाववादियों के विरुद्ध प्रतिक्रिया नहीं देता है; तब असहमति होती है, तब बुरा लगता है हमें। इस देश के विरुद्ध आने वाले व्यक्तव्यों के प्रति मुस्लिम समाज की, मस्जिदों की, मुल्ला-मौलवी-उलेमाओं की चुप्पी से असहमति है। हिंदू-मुस्लिम असहमतियों के इन बिंदुओं पर जो लोग अनर्गल सेकुलरिज्म का प्रलाप करके सहमति नहीं बनने देते हैं, उन लोगों से असहमति है।

हिमाचल, जम्मू और उत्तराखंड में प्रकृति का तांडव एक त्रासदी

आपदा का कहर कब थमेगा आखिर कब तक हिमाचल,जम्मू,उत्तराखंड में बरसात का कहर बरपता रहेगा यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है ह्ल प्रकृति ने तीनों राज्यों में तांडव मचा रखा है करीब दो महीनों से यह कहर जारी है ह्ल बरसात से अब तक हजारों लोग मौत के आगोश में समा चुके हैं ह्ल किस्तवाड़ में बादल फटने से सेकड़ों लोग मारे गए,कठुआ में भी बहुत तबाही हुई ह्लमानवीय तबाही बहुत हो चुकी है ह्ल तीनों राज्यों में आपदा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चूका है ह्ल प्रतिवर्ष देश में आपदा से लाखों लोग ग्रस्त हो रहे हैं ह्ल कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। उतराखंड में प्रकृति का रौद्र तांडव , एक त्रासदी है।प्रलय में असमय व अकाल ही निर्दोष लोग मारे गए।कुछ बच गए कुछ लापता हो गए। प्रकृति रौद्र रुप दिखकर तांडव मचा रही है।रविवार को उतराखंड में प्रकृति ने प्रलय की इबारत लिख दी।रविवार को सुबह साढे दस बजे राज्य के चमोली जिला के तपोवन में ग्लेशियर टूटकर ऋषिगंगा नदी में गिरा और तबाही का मंजर पल भर में लोगों को लील गया। ऋषिगंगा नदी के किनारे रैणी गांव में ऋषिगंगा पावर प्रोजेक्ट तहस नहस हो गया और दर्जनों लोगों की लील गया। 16 लोगों को एडीआरएफ ने बचा लिया था 204 लोग लापता है और 34 शव बरामद कर लिए है।यह बहुत ही त्रासदी है।पल भर में लोग बह गए और लापता हो गए थे ।चमोली में लापता लोगां की तलाश के लिए अब जियोंग्राफीकल स्कैनिंग की जा रही है।प्रकृति समय-समय पर आगाह करती रहती है मगर फितरती हो चुका मानव खुद को समझकार समझता है मगर प्रकृति ने एक छोटे से झटके से उसको औकात दिख दी है।सरकारो ने मुआवजे की घोषणा कर दी है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है।प्रकृति से खेलना बंद करना होगा।यह प्रलय निरंतर होते रहेगें। बीते साल 2020 में अम्फान चक्रवात ने पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में तबाही मचा दी थी ।80 लोग अकाल बेमौत मारे गए थे। लाखों लोग बेघर हो गए थे ।पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे।इलाके जल्मगन हो गए थे। देश में कभी भूकंप, कभी सुनामी, जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती है तो कभी बाढ़ का रौद्र रुप जिदंगियां लीलता है। लाखों-हजारों लोग मारे जाते है। मानव भी प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते जब प्रकृति अपना बदला लेती है तब लोगों को होश आता समय-समय पर भीषण त्रासदियां होती रहती है मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते।हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है मगर कुछ दिनो बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है तो इन बातों को भूला दिया जाता है। अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है। मगर हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं।कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है।देश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है। देश के हर राज्य में बरसात से त्रासदीयां हो रही है। इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। अक्तूबर 1999 में भी उड़ीसा में तूफान ने काफी तबाही मचाई थी। प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए थें।बच्चे अनाथ हो थे लाशे मलवे में दफन हो थी। सरकार को चाहिए की प्रत्येक गांव से लेकर शहरो तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिए जिसमें डाक्टर नर्स व अन्य प्रशिक्षित स्टाफ रखना चाहिए ताकि व त्वरित कारवाई करके लोगों को मौत के मुंह से बचा सके ।अक्सर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटना स्थनों पर पहुचती है तब तक बची हुई सांसे उखड़ जाती है लाशों के ढेर लग जाते है।अगर समय पर आपदा ग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए तो हजारों जिदंगियां बचाई जा सकती हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को कालेजों व स्कूलों में भी माकड्रिल जैसे आयोजन करने चाहिए ताकि अचानक होने वाली आपदाओं से अपना व अन्य का बचाव किया जा सके।स्कूलो व कालेजों मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना व स्काउट एंड गाइड के स्वंयसेवियों को आपदा से निपटने के लिए पारगंत किया जाए।अगर यही स्वयसेवी अपने घर व गांवों में लोगों को आपदा से बचने के तरीके बताए तो काफी हद तक नुक्सान को कम किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि आपदा से बचाव के लिए प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जाए ताकि समय पर काम आ सके।पुलिस व अग्शिमन के कर्मचारियों को भी समय -समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए।अगर सभी लोग आपदा से बचाव के तरीके समझ जाएगें तो तबाही कम हो सकती है।प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती प्रकृति ।

संपादकीय

सनातन में शक्ति और संतों के साथ षड्यंत्र

भारत की सनातन परंपरा में शक्ति का स्थान सर्वोच्च माना गया है।

यह शक्ति केवल देवी की पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि नारी के रूप में विद्यमान जीवनदायिनी ऊर्जा का प्रतीक है। वैदिक युग से ही नारी को ज्ञान, करुणा, त्याग, साहस और सृजन की मूर्त रूप में सम्मानित किया गया है। ऋग्वेद की ऋचाओं में ह्यनारी तू नारायणिह्ल जैसी भावना स्पष्ट झलकती है। हमारे यहां देवी सरस्वती को ज्ञान की, लक्ष्मी को समृद्धि की और दुर्गा को साहस की देवी माना गया। इसका तात्पर्य यही है कि नारी केवल गृहस्थ जीवन की धुरी नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज और राष्ट्र की प्रगति का मूल स्तंभ है। लेकिन हाल ही में कुछ संतों द्वारा महिलाओं को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों ने देशभर में तीखी प्रतिक्रिया उत्पन्न कर दी है। संत प्रेमानंद जी महाराज का ह्ल100 में से केवल 4 महिलाएँ पवित्रह्ल और चर्चित कथावाचक अनिरुद्धाचार्य का 25 वर्ष की आयु पार कर चुकी अविवाहित महिलाएं चरित्रहीन होती हैं, वक्तव्य सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए, जिन पर महिलाओं के अपमान का आरोप लगा। समर्थकों का कहना है कि इन बयानों को संदर्भ से काटकर पेश किया गया, जबकि विरोधियों का मानना है कि यह महिलाओं की गरिमा पर सीधा प्रहार है। मथुरा सहित कई स्थानों पर संतों को चेतावनी दी गई कि ऐसे विचार ब्रजभूमि में स्वीकार नहीं होंगे। वहीं, कुछ धार्मिक व सामाजिक वर्गों में यह धारणा भी फैल रही है कि यह विवाद संतों की छवि धूमिल करने और समाज में वैमनस्य फैलाने के लिए रचा गया एक षड्यंत्र हो सकता है। यह प्रकरण न केवल धार्मिक प्रवचनों की भाषा और दृष्टिकोण पर सवाल उठाता है, बल्कि मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म्स की तीव्र प्रसार क्षमता को भी उजागर करता है।

सनातन संस्कृति में संतों की भूमिका हमेशा से नारी सम्मान के संरक्षण और प्रचार में रही है। चाहे मध्यकाल में संत मीरा बाई का स्त्री मुक्ति संदेश हो, संत तुकाराम का समानता का भाव या स्वामी विवेकानंद का यह कथन कि ह्लकोई भी राष्ट्र तब तक प्रगति नहीं कर सकता जब तक उसकी महिलाएं शिक्षित और सशक्त न हों।ह्ल इन सबका उद्देश्य नारी को मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से ऊंचा उठाना रहा। आज के समय में संतों की वाणी से निकलने वाले संदेशों में कुछ संत आधुनिक संदर्भ में नारी के अधिकार और गरिमा की रक्षा की बात करते हैं, तो कुछ अपने वक्तव्यों से नारी को परंपरागत बंधनों में बांधने का समर्थन करते हैं।

हाल ही में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि महिला देश की प्रगति का सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरुषों को यह सोचने की आवश्यकता नहीं कि वे महिलाओं को सशक्त बना सकते हैं, क्योंकि महिलाएं स्वयं में सक्षम और स्वावलंबी हैं। यह विचार आधुनिक समाज में नारी की भूमिका को सही रूप में प्रस्तुत करता है और दशार्ता है कि वास्तविक सशक्तिकरण स्वतंत्रता और समान अवसर देने से आता है, न कि केवल पुरुषों के संरक्षण की भावना से। इसी तरह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नारी सम्मान को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि जिस समाज में महिलाएं पूजा और सम्मान की पात्र होती हैं, वह समाज स्वयं शक्तिशाली और सक्षम होता है। उनके विचार से नारी का सम्मान केवल एक सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज की प्रगति का आधार है। ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्ल जैसे अभियानों पर उनका जोर यह दशार्ता है कि शिक्षा और सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण के लिए अनिवार्य ।

(विचार-मंथन)

अडानी अंबानी, डोभाल- जयशंकर का मनभेद?

भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के केंद्र में बैठे चार बड़े नाम जिसमे उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच मतभेद की खबरों ने भारत सहित दुनिया के कई देशों में हलचल मचा दी है। चारों शक्तिशाली लोगों के बीच टकराव का असर न सिर्फ. देश की नीतियों और उद्योग जगत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि और कूटनीति मे भी दिखने लगी है।

सूत्रों के अनुसार, हाल के महीनों में अडानी और अंबानी समूह के कारोबारी हित कई मोर्चों पर टकरा रहे हैं। ऊर्जा, दूरसंचार और विदेशों में निवेश और व्यापार को लेकर दोनों समूहों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हुई है। अडानी समूह की वित्तीय मुश्किलें, अमेरिका में मुकदमा एवं टैरिफ के कारण बढ़ते विदेशी कर्ज. और व्यापार व्यवसाय को लेकर दबाव बना है। अजीत डोभाल को अडानी समर्थक माना जाता है। वैश्विक स्तर पर जो कारोबार अडानी समूह ने बढ़ाया था। उसमें उन्हें प्रधानमंत्री के साथ-साथ डोभाल का समर्थन मिलता रहा है। वहीं अंबानी समूह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति में जुटा है। गौतम अडानी के ऊपर जब रिश्वत मामले में अमेरिका में मुकदमा दर्ज हुआ उसके बाद से मुकेश अंबानी ने अपने संबंध अमेरिका के साथ बेहतर करना शुरू कर दिए इस काम में उनकी मदद एस जयशंकर कर रहे हैं। इस तरह की खबरें सत्ता के गलियारे से निकलकर आ रही हैं। विदेश नीति और सुरक्षा रणनीति पर डोभाल और जयशंकर के बीच मतभेद की चर्चा है। डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अमेरिका और पश्चिमी देशों पर सख्ती बरतने की पैरवी कर रहे हैं। जबकि जयशंकर कूटनीतिक संतुलन साधते हुए अमेरिका, यूरोप और एशिया के साथ भारत की छवि सुधारने के पक्षधर माने जाते हैं। यह खींचतान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्पष्ट स्थिति तय करने में बाधा बन रही है।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, यह मतभेद व्यक्तिगत अथवा विचारधारा को लेकर नहीं हैं। बल्कि व्यापक सत्ता-संतुलन के साथ निजी एवं पारिवारिक हित भी जुड़े हुए हैं ।

आज का राशिफल

मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

मेष: अकेले लोगों को आज नए लोग मिलेंगे और नए रूमानी हालात बनने के योग हैं।उत्सव के माहौल के रूप में परिवारों के लिए एक अच्छा दिन आता है और बहुत खुशीयां लाता है।अभिभावकों और शिक्षकों को चाहिए की बच्चों की आवश्यकताओं को प्रोत्साहन दें। जिससे वे भावी जीवन के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।बेरोजगार कुछ अच्छी खबर की उम्मीद कर सकते हैं। नौकरी के प्रस्ताव या नए अवसर मिल सकते हैं। आज पुराने दोस्तों या रिश्तेदारों से मिल सकते हैं।वकील आज आखिरकार अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकालेंगे। उन्हें सलाह है ।

वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

वृषभ: आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को मात देने की कोशिश में कामयाब रहेंगे और परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप परेशान रहेंगे। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा और आप अपनी जरूरत की चीजों की खरीदारी करें, तो बेहतर रहेगा। आप भविष्य को लेकर कुछ धन संचय करने के बारे में सोचे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।नौकरी के प्रस्ताव या नए अवसर मिल सकते हैं। आज पुराने दोस्तों या रिश्तेदारों से मिल सकते हैं

मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करके चलेंगे, जिससे उनके सहयोगी भी काफी खुश रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों के मन में कुछ आईडिया आएंगे। आपको किसी दूर के परिजन की याद सता सकती है। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है, इसलिए आप थोड़ा सतर्क रहे। किसी बैंक से संबंधित काम को लेकर आप किसी अधिकारी से बातचीत कर सकते हैं।महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उन्हें अपने रक्षक को निराश नहीं करना चाहिए

कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

कर्क: आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मकान, वाहन आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को भी लेकर आने की सोचेंगे। आपके पास पड़ोस में यदि कोई वाद विवाद उत्पन्न, हो तो आप उसमें चुप लगाएं। आपकी संतान नौकरी के लिए कहीं बाहर जा सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा और आपके लंबे समय से रुके हुए काम भी पूरे होंगे। उन्हें यह भी कोशिश करनी चाहिए कि नए रिश्ते न बनाए या अतीत के रिश्ते में शामिल न हों।

सिंह: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

सिंह: आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को अच्छा अवसर हाथ लगेगा और दिन की शुरूआत आपके लिए बेहतर रहेगी, क्योंकि आप कहीं बिजनेस के डिल को लेकर जा सकते हैं। किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचना होगा और आपके परिवार में किसी सदस्य से आपकी कहा सुनी हो, तो आप उसमें चुप लगाएं, नहीं तो वाद विवाद बढ़ेगा। वकीलों को आज अभियोग जीतने के कारण मुवक्किलों से बहुत प्रशंसा प्राप्त है

कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

कन्या: आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी दान पुण्य के कामों में काफी रुचि रहेगी। आपको अपनी सेहत में यदि कुछ उतार-चढ़ाव लग रहा है, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लें। आप अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आपको किसी बात को लेकर यदि मन में संशय चल रहा है, तो उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़े। आपको सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर अच्छा नाम कमाने का मौका मिलेगा। नयी नौकरी खोज रहे प्रत्याशी आज किसी भी परीक्षा या प्रत्यक्ष भेंट को टाल दें।

तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

तुला: आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाएंगे और आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो वह भी दूर हो सकती हैं। आप शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करें। कुंवारे व्यक्ति आज बहुत खुश हो सकते है, क्योंकि आज उनके सितारे बुलंदी पर है

वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है, क्योंकि आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। आपको भाग दौड़ भी अधिक रहेगी। संतान को आप कोई गिफ्ट दे सकते हैं। किसी नए घर, मकान आदि को खरीदने का सपना पूरा होगा। आपको अपने खर्चों को लेकर सिर दर्द बना रहेगा। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। भाई व बहनों से आपकी खूब पटेगी न्यायिक व्यवसाय से जुड़े लोग आज अपने आसपास बहुत से परिवर्तन देखेंगे।

धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

धनु: आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आपके पिताजी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। आपको आसपास रह रहे विरोधियों की चाल को समझना होगा। छात्रों को यह अपने पे भरोसा करना चाहिए कि वे आज विचलित न हों।

मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

मकर: आज का दिन आपके लिए कोर्ट कचहरी से संबंधित मामलों में बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में आप नवीनता ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान-पुण्य के कार्यों में भी लगाएंगे। राजनीति की ओर में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, उन्हें किसी नए पद की प्राप्ति होगी। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चलेगा। उनके परीक्षाफल और उपलब्धियों पर पूरा परिवार गर्व महसूस करेगा।

कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके कामों में यदि कुछ अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी और आपका काम पहले से बेहतर चलेगा। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान थे, उन्हें भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। संतान को आप कोई कोचिंग आदि ज्वाइन करा सकते हैं, जिससे वह सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटेंगे।

मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

मीन: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कोई चोट चपेट आदि लगने की संभावना है, इसलिए आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें और किसी दूसरे के मामले में आप बेवजह ना बोले। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाए, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपने स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को नजर अंदाज न करें। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। व्यापार में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

दर्शन कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के अचानक रद्द होने पर दी कड़ी प्रतिक्रिया



दर्शन कुमार ने कहा, सिनेमा हमेशा से सिर्फ मनोरंजन से बढ़कर रहा है। यह एक कला है, समाज का आईना है, और गहरी भावनाओं, विचारों और सचाइयों को व्यक्त करने का एक तरीका है। प्राचीन काल से ही कहानियाँ हमें जोड़ती रही हैं, चुनौती देती रही हैं और हमें प्रेरित करती रही हैं। जैसा कि कहा जाता है, 'किसी भी किताब को उसके कवर से नहीं आंकना चाहिए',यह बात फिल्मों पर भी लागू होती है। फिल्म का टाइटल सिर्फ शुरुआत होती है; असली मतलब तो पर्दे पर ही सामने आता है।उन्होंने दर्शकों से आग्रह किया कि वे किसी भी नतीजे पर पहुँचने से पहले फिल्म को खुले दिल और दिमाग से देखें। उन्होंने आगे कहा, यह सही है कि किसी भी कहानी को पूरा देखे और सुने जाने के बाद ही उसका मूल्यांकन किया जाना चाहिए। इसीलिए कोलकाता में हमारे ट्रेलर को लॉन्च करने का मौका नहीं दिए जाने से हमें सच में बहुत दुख हुआ और यह चौंकाने वाला था। एक कलाकार के रूप में, हम अपने काम में अपना दिल और जान लगा देते हैं, मैंने कई महीनों तक शिवा पंडित के किरदार को जिया है। हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि हमें अपना काम पेश करने, उसे खुले तौर पर साझा करने और दर्शकों को खुद फैसला लेने की आजादी मिले। कला को एक मंच मिलना चाहिए, खामोशी नहीं।दर्शन कुमार बॉबी देओल के साथ अपनी बहुचर्चित वेब सीरीज आश्रम की सफलता का आनंद ले रहे हैं और द फैमिली मैन के नए सीज़न की रिलीज़ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिससे एक दमदार और बहुमुखी अभिनेता के रूप में उनकी पहचान और भी मजबूत हुई है।यह इवेंट कोलकाता में होने वाला था। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले दर्शन ने इस घटना पर निराशा व्यक्त करते हुए इसे दिल दुखाने वाला और चौंकाने वाला बताया।

सुनीता अहूजा ने बेटे की डेब्यू पर की बात

कहा- आने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं और मैं चाहती हूं कि सभी बच्चे अच्छा नाम कमाएं

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा और उनकी पत्नी काफी वक्त से लोगों के बीच सुर्खियां बटोर रहे हैं. हालांकि, उनके सुर्खियों में रहने की वजह वापस से सामने आ रही उनकी तलाक की अफवाहें हैं.इन्हीं अफवाहों के बीच सुनीता ने अपने बेटे यशवर्धन की डेब्यू फिल्म के बारे में बात की है. साथ ही उन्होंने सारे नए एक्टर्स के बारे में और उनकी फिल्मों के बारे में भी चर्चा की है.यशवर्धन की फिल्म का इतंजार सभी को है, वो फिल्ममेकर साई राजेश की तेलुगु फिल्म बेबी के रीमेक पर काम कर रहे हैं. एक्टर की मां ने उनकी फिल्म को अहान पांडे से कंपेयर भी किया है.सुनीता ने कहा, काश, लेकिन उससे बेहतर पिक्चर कर रहा है यश. साथ ही सैयारा के बारे में बात करते हुए सुनीता ने ये भी बताया कि अभी तक उन्होंने इस फिल्म को नहीं देखा है.उन्होंने यश के बारे में कहा है कि वो सैयारा दो बार देख चुका है. आगे उन्होंने मजाक में कहा मैं देखूंगी, मुझे देखना है, लेकिन अभी शायद आ रहा है ना नेटफ्लिक्स पर. लेकिन, उन्होंने इंटरव्यू में अपनी सारी बातों को समेटते हुए आखिर में कहा, आने वाले सभी बचों को शुभकामनाएं और मैं चाहती हूं कि सभी बचे अछा नाम कमाएं।

टीवी की सबसे ग्लैमरस एक्ट्रेस हैं रुबीना

टीवी इंडस्ट्री में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिनकी खूबसूरती पर लोग फिदा हैं, लेकिन एक पहाड़ी लड़की ऐसी है जो सालों पहले इंडस्ट्री में आई और छा गई थी. उनका नाम रुबीना दिलैक है, जो आज अपना 38वां बर्थडे मना रही हैं.

26 अगस्त 1987 को शिमला में जन्मीं रुबीना दिलैक की स्कूलिंग शिमला में ही हुई है. 2006 में रुबीना ने मिस शिमला का खिताब जीता था और फिर उन्होंने कई ब्यूटी कॉन्सेस्ट स्कूल या कॉलेज के समय में जीता था.

रुबीना दिलैक ने इंग्लिश लिट्रेचर में ग्रेजुएशन और पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया था. 2008 में चंडीगढ़ में हुए ब्यूटी कॉन्टेस्ट में रुबीना ने मिस नॉर्थ इंडिया का खिताब जीता था.

रुबीना चंडीगढ़ में ब्रूस की तैयारी करने के लिए काफी समय रहीं. उसी दौरान एक सीरियल का ऑडिशन हो रहा था और दोस्तों के कहने पर वो छुट्टी वाले दिन ऑडिशन में चली गईं और वो छोटी बहू सीरियल के लिए सिलेक्ट हो गईं.

2009 में टीवी सीरियल छोटी बहू शुरू हुआ, जिसमें वो बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आई थीं. उनके किरदार का नाम राधिका था और इसी नाम से वो घर-घर में फेमस हुईं. ये सीरियल 2012 तक जीटीवी पर प्रसारित हुआ था.

2013 में इनका नया सीरियल पुनर विवाह-एक नई उम्मीद टेलीकास्ट हुआ था, जो काफी समय तक चला. इसके बाद रुबीना ने देवों के देव महादेव, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की जैसे सुपरहिट सीरियल किए.

2020 में बिग बॉस 14 आया था, जिसमें रुबीना दिलैक ने ट्रॉफी जीती थी. इसके बाद 2022 में इन्होंने खतरों के खिलाड़ी 12, झलक दिखला जा 10, लाफ्टर शेफ और पति-पत्नी और पंगा जैसे रियलिटी शोज में नजर आईं.

2020 में रुबीना की पहली शॉर्ट फिल्म बरेली की बेटी से बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद इन्होंने हिंदी फिल्म अर्ध और पंजाबी फिल्म चल भज चलिए जैसी फिल्में कीं.

रुबीना ने 2018 में एक्टर अभिनव शुक्ला के साथ शादी की थी, जिनसे उन्हें दो बेटियां जीवा और एधा शुक्ला रखा है. रुबीना और अभिनव की बॉन्डिंग गजब की है. रुबीना अपने पति अभिनव के साथ इन दिनों पति-पत्नी और पंगा में नजर आ रहे हैं.

इंस्टाग्राम पर रुबीना 9.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं जो उनके पोस्ट को भर-भरकर प्यार देते हैं. रुबीना यहां काफी एक्टिव रहती हैं. फैंस उनके पोस्ट पर लाइक और कमेंट करते हैं।



बिग बॉस 19 की तान्या मित्तल जीत चुकी हैं 400 से भी ज्यादा अवार्ड

यूपी टूरिज्म को करती हैं प्रमोट

टीवी के सबसे कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस की शुरुआत हो चुकी है और दर्शक इसे लेकर काफी एक्साइटेड हैं। बिग बॉस 19 में सोशल मीडिया के कई जाने मानें चेहरे देखने को मिलेंगे। इन्ही में से एक है तान्या मित्तल जो न सिर्फ एक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर है बल्कि एक सक्सेसफुल बिजनेस वूमेन भी हैं। तान्या ने अपनी मेहनत से एक बड़ा मुकाम हासिल किया है और अब वे बिग बॉस के घर के अंदर एक नई पारी शुरू करने वाली हैं। तान्या अक्सर रील्स बनाती हैं और सोशल मीडिया पर उनका फैन बेस काफी मजबूत है। हाल ही में तान्या को लेकर एक कंट्रोवर्सी भर हुई थी। तान्या मित्तल मध्य प्रदेश के ग्वालियर से हैं। वह एक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर होने के साथ-साथ बिजनेस वूमेन भी है। तान्या ने अपनी मेहनत और लगन से बेहद कम उम्र में काफी शोहरत हासिल की है। एक सफल बिजनेस वूमेन होने के अलावा तान्या ने 2018 में मिस एशिया का भी खिताब जीता है। इसके अलावा देश की सबसे कम उम्र की युवा मिलेनियर बनने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। बताया जाता है की तान्या अपनी स्टूडेंट लाइफ में काफी चुप रहने वाली और शांत लड़की थीं।

तान्या का हैंड मेड लव नाम से अपना एक ब्रांड है जिसके तहत वह हैंडबैग, हैंड कफ्स और साड़ी का बिजनेस करती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार अलग-अलग फील्ड से तान्या 400 से भी ज्यादा अवार्ड जीत चुकी हैं। कहा जाता है की तान्या के सक्सेसफुल बिजनेस के बारे में उनके परिवार को कुछ भी नहीं मालूम था। एक दिन जब एक जर्नलिस्ट उनके घर उनका इंटरव्यू लेने पहुंचा तब उनके परिवार वालों को उनके बिजनेस के बारे में पता चला। तान्या मित्तल अक्सर वृंदावन से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। उन्होंने महाकुंभ में भी कई वीडियो बनाएं और शेयर किए थे। महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ में तान्या ने कई लोगों की मदद की थी और अपना दर्दनाक अनुभव भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था जिससे वह काफी लाइमलाइट में आ गई थीं।दरअसल तान्या ने पहलगाम हमले पर विवादित बयान दिया था जिसे लेकर काफी कंट्रोवर्सी हुई थी। अब देखना यह है कि बिग बॉस में तान्या कैसा प्रदर्शन करती हैं। हालांकि उनकी फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है, ऐसे में इसका पूरा फायदा उनको मिल सकता है।

बिग बॉस 19 के पहले दिन फरहाना हुई बाहर

टीवी के सबसे फेमस कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 19 की शुरुआत बीते दिन यानी रविवार 24 अगस्त से शुरुआत हुई. सभी 16 कंटेस्टेंट का घर में पहला दिन था. पहले ही दिन सभी कंटेस्टेंट्स के बीच थोड़ी नोकझोंक देखने को मिली. वहीं दिन की शुरुआत मजेदार ट्विस्ट के साथ हुई और मेकर्स बड़ा ट्विस्ट लेकर आए हैं. पहले ही दिन शॉकिंग एविक्शन दिखाया गया. जिसमें जम्मू कश्मीर की फरहाना भट्ट को वीकेंड के वार से पहले बिग बॉस के घर से बेघर किया गया है. लेकिन कहानी में बड़ा ट्विस्ट आया.

गौरतलब है कि सलमान खान के साथ बिग बॉस 19 में इस बार जिन प्रतियोगियों के पास पावर है, उन्होंने पहले मृदुल तिवारी को चुना था, लेकिन वह इसलिए क्योंकि वह बेडरूम में नहीं सो रहे थे. लेकिन दिलचस्प बात यह है कि फरहाना को बाहर का रास्ता दिखाया गया.

बिग बॉस 19 की थीम घरवालों की सरकार के तहत कंटेस्टेंट्स को इस बार खुद तय करना था कि किसे पहले बेघर होना चाहिए. फरहाना भट्ट घर के बाकी सदस्यों से जुड़ नहीं पाई और उनके खिलाफ जमकर वोटिंग की गई और उन्हें बाहर का रास्ता दिखा गया गया. लेकिन इसमें मेकर्स ने बड़ा ट्विस्ट डालते हुए, फरहाना को सीक्रेट रूम भेज दिया. जहां से वह घर के बाकी सदस्यों की एक्टिविटी पर नजर रखेंगी.वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर फरहाना ने ट्वीट करते हुए लिखा, %घरवालों ने फरहाना को नॉमिनेशन से चुप कराने की कोशिश की, लेकिन निडर को दबाया नहीं जा सकता. सीक्रेट रूम से, वह हर चेहरे, हर शब्द पर नजर रख रही है और जब वह वापस आएगी, तो घरवालों को उसके जवाब के लिए तैयार रहना होगा.बता दें कि फरहाना भट्ट बिग बॉस 19 से अभी तक बाहर नहीं हुई हैं. उन्हें सीक्रेट रूम में ले जाया गया है, जहां फरहाना को बिग बॉस के निर्देश मिल रहे हैं. वह सीक्रेट रूम से कंटेस्टेंट्स के व्यवहार पर नजर रख रही हैं. इसके अलावा अगर फरहाना घर से नहीं निकलती हैं तो वो सीक्रेट रूम से लोगों के खेल समझकर घर में वापसी कर अपना खेल सुधार सकती है.वहीं सीक्रेट रूम में जाने से पहले किचन में नाश्ता बनाने के दौरान कुनिका और फरहाना की लड़ाई हो जाती है. फरहाना ने किचन में अंडा बनाया और इस दौरान उन्होंने किचन में गंदगी फैला दी. इस पर कुनिका काफी नाराज हुई. वो फरहाना से सफाई करने के लिए कहती हैं लेकिन फरहाना ने चिढ़कर जवाब दिया कि वो आज तो कर रही हैं लेकिन इसके बाद नहीं करेगी।

मां बनने वाली हैं परिणीति चोपड़ा राघव चड्ढा ने शेयर की गुड न्यूज



बॉलीवुड की चुलबुली एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। इस क्यूट कपल ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट करके बेहद खूबसूरत अंदाज में अपने माता-पिता बनने की खुशी दुनिया के साथ शेयर की।

परिणीति और राघव ने एक पोस्ट के जरिए यह खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की। इस पोस्ट में एक बेहद खूबसूरत केक की तस्वीर नजर आ रही है। केक को एक गोल प्लेट में रखा गया है, जिसके पीछे हल्के बेज रंग का कपड़ा और आसपास सफेद फूल सजाए गए हैं। केक के ऊपर छोटे बच्चे के पैरों के सुनहरे निशान बने हुए हैं। साथ ही लिखा है '1 + 1 = 3'। ऐसे में यह सीधा इशारा है कि जल्द ही ये जोड़ी दो से अब तीन होने जा रही है।

इसी पोस्ट में एक छोटा सा वीडियो भी है, जिसमें परिणीति और राघव एक पार्क में साथ-साथ टहलते नजर आ रहे हैं। दोनों की पीठ कैमरे की ओर है और वे एक-दूसरे का हाथ थामे आगे बढ़ते जा रहे हैं। जाहिर है यह पल दोनों की जिंदगी के लिए नया पड़ाव है। इस पोस्ट में उन्होंने कैप्शन लिखा है, हमारा छोटा सा ब्रह्मांडज अपने रास्ते पर हैज असीम आशीर्वाद। इस पोस्ट के आते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों की बाढ़ आ गई।

फैंस के साथ ही बॉलीवुड सेलेब्स कपल को बधाइयां दे रहा है। एक्ट्रेस सोनम कपूर ने लिखा, बधाई हो डार्लिंग। वहीं एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने भी कपल को बधाई दी है। परिणीति की पोस्ट पर उनकी कजिन बहन प्रियंका चोपड़ा ने भी बधाई दी है। अनन्या पांडे ने भी पोस्ट किया, बधाई हो परी। इसी के साथ एक्ट्रेस कैटरीना कैफ, हुमा कुरैशी, रकुल प्रीत, फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा सहित कई सेलेब्स इस कपल को बधाई दे रहे हैं।

इस गुड न्यूज की थोड़ी सी झलक फैंस को पिछले दिनों 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर मिली थी। शो में राघव और परिणीति एक साथ पहुंचे थे। बातचीत के दौरान कपिल शर्मा ने मजाकिया अंदाज में पूछा था कि क्या घर में 'गुड न्यूज' आने वाली है? राघव ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया था, दे देंगेजकिसी न किसी मोड़ पर! उस वक्त सब इसे मजाक समझ रहे थे, लेकिन अब ये बात सच हो गई है।

किसी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया, उपराष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण बनाम दक्षिण की लड़ाई तय



नई दिल्ली, एजेंसी। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए दोनों उम्मीदवारों में से किसी ने नाम वापस नहीं लिया है। इस तरह एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और विपक्ष के प्रत्याशी जस्टिस (रिटायर्ड) बी सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला तय हो गया है। यह चुनाव नौ सितंबर को होगा। इस बार के उपराष्ट्रपति चुनाव को 'दक्षिण बनाम दक्षिण' की लड़ाई बताया जा रहा है, क्योंकि दोनों ही दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं, जबकि रेड्डी तेलंगाना से।

नौ सितंबर को है वोटिंग

चुनाव में नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख (25 अगस्त) के बाद सुदर्शन रेड्डी और सी पी राधाकृष्णन अब मैदान में हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी और राज्यसभा महासचिव पी सी मोदी ने एक बयान में कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव, 2025 के लिए मतदान मंगलवार, नौ सितंबर, 2025 को कमरा संख्या एफ-101, वसुधा, संसद भवन, नई दिल्ली में होगा। आगामी नौ सितंबर को मतदान सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा।

ऐसे होता है मतदान

राज्यसभा सचिवालय के बयान में कहा गया है कि भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी निर्वाचक मंडल में शामिल होने के पात्र हैं और इसलिए वे चुनाव में भाग लेने के हकदार हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि संसद भवन में मतदान की व्यवस्था 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी द्वारा की जा रही है। मतदान के संपन्न होने के बाद उसी दिन शाम छह बजे मतगणना आरंभ होगी और रात तक नतीजे घोषित होने की संभावना है।

कौन डालता है वोट

राज्यसभा महासचिव के एक बयान के अनुसार, उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया 7 अगस्त को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो चुकी है। इस चुनाव के निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं), राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल हैं। निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 782) शामिल हैं। राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन का हाल ही में निधन हो गया।

सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड पर भड़कीं आतिशी

कहा –मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए छापेमारी की गई

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड से पूर्व सीएम आतिशी भड़क उठीं। कथित अस्पताल घोटाले में लगे आरोपों की वजह से केंद्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी को आतिशी ने पीएम मोदी की डिग्री से जोड़ दिया। आतिशी ने कहा कि इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए यह छापेमारी की गई है। सौरभ भारद्वाज अरविंद केजरीवाल के बाद आतिशी सरकार में भी मंत्री थे। भारद्वाज पर ईडी की छापेमारी के बाद आतिशी ने एक्स पर लिखा, आज सौरभ जी के यहां रेड क्यों हुई? क्योंकि पूरे देश में मोदी जी की डिग्री पर सवाल उठ रहे हैं- क्या मोदी जी की डिग्री फर्जी है? इस चर्चा से ध्यान हटाने के लिए ही रेड डाली गई है। गौरतलब है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने एक दिन पहले ही केंद्रीय सूचना आयोग के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक की डिग्री से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया था। आतिशी ने कहा कि जिस समय का केस बताया जा रहा है, उस समय सौरभ जी मंत्री भी नहीं थे। यानी पूरा केस ही झूठा है। नेता विपक्ष आतिशी ने आगे कहा, सत्येंद्र जी को भी तीन साल जेल में रखकर आखिरकार सीबीआई/ईडी को क्लोजर रिपोर्ट देनी पड़ी। इससे साफ है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं पर लगाए गए सारे केस सिर्फ झूठ और राजनीति से प्रेरित हैं। हालांकि, सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के एक अलग मामले में जेल में बंद रखा गया था और क्लोचर रिपोर्ट एक दूसरे मामले में दाखिल की गई है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत सौरभ भारद्वाज और अन्य से जुड़े परिसरों पर मंगलवार को छापे मारे।

संक्षिप्त समाचार

तेज बारिश में नाले में बहीं 2 छात्राएं, बचाने दौड़े करंट लगने से युवक की मौत

जौनपुर , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला मुख्यालय पर तेज बारिश के बीच सड़क किनारे गिरीं दो छात्राएं नाले में बह गईं। उन्हें बचाने दौड़े ई रिक्शा चालक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। किशोरियों की देर रात तक तलाश हुई, लेकिन पता नहीं चल सका। बताया जा रहा है कि दोनों स्कूल से धर लौट रही थीं। डीएम ने एसडीआरएफ टीम को बुलाने के निर्देश दिए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन कर छात्राओं की खोजबीन की जा रही है। शहर में सोमवार को दिन में तेज बारिश हो रही थी। मछलीशहर पड़ाव तिराहे के पास जलजमाव हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बारिश के दौरान ही दो किशोरियां नाले के पास से गुजर रही थीं। दोनों अचानक गिर गईं। यह देख पास में खड़े ईरिक्शा चालक ने दौड़कर उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आ गया। सड़क पर तड़पकर उसकी मौत हो गई। तब तक दोनों किशोरियां बह गईं। जानकारी मिलते ही मौके पुलिस और नगर पालिका की टीम पहुंची। रेस्क्यू शुरू किया गया लेकिन रात तक दोनों किशोरियों का पता नहीं चला। मृत ईरिक्शा चालक की पहचान 25 वर्षीय शिवा निवासी कुल्हनामऊ के रूप में हुई। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी में पता चला कि पानी के तेज बहाव के कारण दो बच्चियां नाले में बह गई हैं, एक युवक की मौत हुई है। हालांकि बही बच्चियों के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि दोनों स्कूल से घर लौट रही थीं।

नक्सलियों के खात्मे का मिला इनाम, शौर्य चक्र से नवाजे जाएंगे छत्तीसगढ़ के दो जांबाज

बस्तर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल ऑपरेशन ने नक्सलियों की बीते महीनों में कमर तोड़ कर रख दी है। कुछ ने या तो सरेंडर कर दिया या मौत के घाट उतार दिए गए। सुरक्षाबलों को उनके इस पराक्रम के लिए अब पुरस्कृत भी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पुलिस के दो बहादुर इंस्पेक्टर, केवट और देशमुख को नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियानों का नेतृत्व करने और उग्रवादियों को खत्म करने के लिए शौर्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। दोनों को केंद्र सरकार की ओर से शौर्य पदक के लिए नामित किया गया है। शौर्य चक्र के लिए चुने जाने पर टीआई पाखनजुर लक्ष्मण केवट ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की समय सीमा तय की है। इसे ध्यान में रखते हुए हम नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। मुझे छह बार राष्ट्रपति का वीरता पदक मिल चुका है और अब मुझे शौर्य चक्र भी मिला है। हम इस समय सीमा को पूरा करने के लिए पूरी लगन से काम कर रहे हैं और मुझे विश्वास है कि मार्च 2026 से पहले ही नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा।

सरकारी ऑफिस में पेन ड्राइव के इस्तेमाल पर लगी रोक, जम्मू-कश्मीर सरकार ने लिया फैसला

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर सरकार ने प्रशासनिक सचिवालय और जिलों के उपायुक्त कार्यालयों के सभी प्रशासनिक विभागों में आधिकारिक उपकरणों पर पेन ड्राइव के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। यह पहल साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के मकसद से की जा रही है। सरकारी आदेश में कहा गया कि जानकारी सुरक्षित रखने और सुरक्षा नियमों के उल्लंघनों को रोकने के मकसद से यह कदम उठाया गया। आधिकारिक या गोपनीय दस्तावेजों को साझा करने या एकत्र करने के लिए व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग मंच या आईलवपीडीएफ जैसी असुरक्षित ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आयुक्त सचिव एम. राजू की ओर से जारी आदेश में कहा गया, केंद्र शासित प्रदेश की साइबर सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने, संवेदनशील सरकारी जानकारी की सुरक्षा करने और डेटा नियमों के उल्लंघनों, वायरस हमलों और अनधिकृत एक्सेस जैसे जोखिमों को कम करने के मकसद से ये फैसले लिए गए हैं। अगर किसी खास स्थिति में काम की जरूरत हो तो एक विभाग को दो-तीन पेन ड्राइव इस्तेमाल करने की इस्तेमाल दी जा सकती है। इसके लिए विभाग के प्रमुख के जरिए औपचारिक अपील भेजना होगा, जो फिर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी को जाएगा, जिसके बाद ही उन पेन ड्राइव को अनुमति दी जाएगी।' आदेश में कहा गया, 'मंजूरी के बाद पेन ड्राइव को इस्तेमाल से पहले सुरक्षा की दृष्टि से सेट किए जाने, उसके मालिक के रजिस्ट्रेशन करने संबंधित अन्य प्रक्रियाओं के लिए एनआईसी प्रकोष्ठ में प्रस्तुत किया जाना होगा।' इसमें कहा गया कि एक सुरक्षित विकल्प के रूप में विभागों को गॉवड्राइव को अपनाने की सलाह दी जाती है, जो क्लाउड-आधारित मंच है।

आरएसएस की प्रार्थना सुना फंसे डिप्टी सीएम शिवकुमार, हाईकमान से ऐक्शन की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्नाटक कांग्रेस में सत्ता संघर्ष नई बात नहीं है, लेकिन अब आरएसएस की प्रार्थना के चलते पार्टी में मतभेद है। डिप्टी सीएम शिवकुमार ने श्रद्धा भाव के साथ आरएसएस की प्रार्थना की दो पंक्तियां विधानसभा में पढ़ दी थीं। इसी को लेकर कांग्रेस के कई विधायक नाराज हैं। यही नहीं कोई डीके शिवकुमार से माफी की मांग कर रहा है तो किसी ने हाईकमान से ऐक्शन की बात ही उठा दी है। डीके शिवकुमार ने नेता विपक्ष आर. अशोक से बातचीत के दौरान आरएसएस की ओर से राज्य में स्कूलों और कई सामाजिक संस्थाएं खोलने का जिक्र करते हुए तारीफ की थी। इसके अलावा आरएसएस की प्रार्थना की भी दो पंक्तियां सुनाई थीं। अब इस मामले में वह पार्टी के अंदर ही घिर गए हैं। राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जरकिहोली का कहना है कि हाईकमान और सीएम सिद्धारमैया के ऊपर है कि वह डीके शिवकुमार पर इस हरकत के लिए क्या ऐक्शन लेते हैं। इसके अलावा एमएलसी बीके हरिप्रसाद का कहना है कि डीके शिवकुमार को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिवकुमार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। कम से कम यह स्पष्ट होना चाहिए कि उन्होंने पार्टी नेता के तौर पर नहीं बल्कि निजी स्तर पर यह प्रार्थना पढ़ी थी। वहीं जरकिहोली ने कहा कि हम अपने स्तर पर तो कुछ नहीं कर सकते। इस मामले में हाईकमान को ही फैसला लेना है। इस मामले के चलते सिद्धारमैया कैंप को भी हावी होने का मौका मिल गया है, जो डीके शिवकुमार की सीएम पद की दावेदारी को लेकर असहज रहा है। जरकिहोली को भी सिद्धारमैया खेमे का नेता माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह सवाल तो उठता ही है क्या शिवकुमार ने जो किया, वह राहुल गांधी की लाइन पर है। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों को डीके शिवकुमार समझते ही नहीं हैं। उम्मीद है कि वह कुछ सीखेंगे। हालांकि जरकिहोली ने एक दिन पहले ही डिप्टी सीएम का बचाव भी किया था। उन्होंने कहा था कि आरएसएस की प्रार्थना तो मैं भी पढ़ लूंगा। लेकिन क्या वे मुझे सीएम बना देंगे? यही नहीं उन्होंने कहा था कि हमेशा किसी का विरोध ही नहीं किया जा सकता। यह कहना सही नहीं है कि आरएसएस की प्रार्थना पढ़ ली तो अब डीके शिवकुमार भाजपा में ही शामिल हो जाएं। इसमें कुछ गलत नहीं है। वह सब जानते हैं। हमारे पास हमेशा काउंटर इंटेलिजेंस होना चाहिए। यानी विरोधी खेमे के बारे में भी पता होना चाहिए। वहीं हरिप्रसाद ने कहा कि डीके शिवकुमार को जो करना है करें। लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने जो किया है, वह गलत था। हम इसका विरोध करते हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू का भाजपा को खुली चुनौती, अगर संदेह है तो सीबीआई या ईडी में शिकायत दर्ज कराएं



शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा को पेखुबेला सौर परियोजना में भ्रष्टाचार का संदेह तो वह सीबीआई या ईडी में शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में पेखुबेला सौर परियोजना में भ्रष्टाचार और कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोपों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को भाजपा को खुली चुनौती दी। सीएम सुक्खू ने कहा कि अगर भाजपा को किसी भी तरह के भ्रष्टाचार या कार्यान्वयन कंपनी को किसी तरह का फायदा पहुंचाने का संदेह है तो वह सीबीआई और ईडी में शिकायत दर्ज कराए। इस मुद्दे पर भाजपा के बिक्रम सिंह द्वारा शुरू की गई चर्चा का जवाब देते हुए सुक्खू ने कहा कि 32 मेगावाट की यह परियोजना डूबी नहीं है, बल्कि भारी बारिश के कारण इसका संचालन रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना 15 सितंबर से चालू हो जाएगी। परियोजना की क्रियान्वयन कंपनी को लाभ पहुंचाने के आरोपों से इनकार करते हुए सुक्खू ने कहा कि कंपनी के लंबित भुगतान रोक दिए गए हैं। इसमें बैंक गारंटी भी शामिल है। परियोजना का संचालन हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) केंद्र सरकार के एक सार्वजनिक उपक्रम द्वारा तैयार की गई थी। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सिंह को पेखुबेला परियोजना को लेकर कुछ डर हो गया है। बिक्रम सिंह ने कहा था कि पेखुबेला परियोजना की परिकल्पना क्षेत्र में हरित क्रांति लाने के लिए की गई थी। लेकिन, यह परियोजना खराब इंजीनियरिंग, घटिया डिजाइन और गलत जगह के चयन के कारण भारी बारिश के दौरान डूब गई। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जरूरी ऊंचाई पर स्थापित नहीं की गई थी, जिसके कारण यह डूब गई। इन्वर्टर और अन्य उपकरण काम नहीं कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना को क्रियान्वित करने वाली कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। कंपनी अनुबंध की इस शर्त का उल्लंघन कर रही है कि वह 8 सालों तक रखरखाव और संचालन का दायित्व संभालेगी। सीएम सुक्खू ने कहा कि सीबीआई पहले से ही पेखुबेला मामले से संबंधित एचपीपीसीएल के पूर्व महाप्रबंधक और मुख्य अभियंता की मौत की जांच कर रही है। यदि विपक्ष के पास कोई सबूत है तो वह सीबीआई को दे सकता है। बता दें कि एचपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर विमल नेगी 10 मार्च को लापता हो गए थे। 18 मार्च को बिलासपुर जिले में रहस्यमय परिस्थितियों में उनका शव मिला था। उनकी पत्नी ने आरोप लगाया था कि उनके पति को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था।

मनीष सिसोदिया पर कांग्रेस ने की एफआईआर की मांग

मोहाली, एजेंसी। पंजाब के मोहाली जिले की कांग्रेस यूनिट ने आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उकसावे वाला भाषण देने का आरोप लगाते हुए सिसोदिया के खिलाफ यह मांग की गई है। कांग्रेस की जिला कमेटी का आरोप है कि मनीष सिसोदिया ने उकसाने वाला और कानून तोड़कर काम करने की अपील वाला भाषण दिया है। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह जीती और अन्य कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी और एसएसपी को ज्ञापन देकर यह मांग की है। अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन देने वाले नेताओं में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू भी शामिल थे। आम आदमी पार्टी की पंजाब यूनिट से जुड़े एक कार्यक्रम में मनीष सिसोदिया ने चुनाव का जिक्र किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि 2027 का चुनाव आ रहा है। हमें तैयारी करनी है। उन्होंने कहा, 2027 का चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड, भेद, सच, झूठ, सवाल-जवाब, लड़ाई-झगड़ा, जो करना पड़ेगा, करने के लिए तैयार हैं? पूरे जोश के साथ? उनके इस सवाल पर आप कार्यकर्ताओं ने हां में जवाब दिया था। इस पर सिसोदिया ने कहा- बहुत अच्छा। उनके इस बयान पर काफी विवाद हुआ है। यहां तक कि आप की पंजाब यूनिट के नेता अमन अरोड़ा ने भी उनके बयान को गलत बताया और कहा कि पार्टी की लाइन इससे अलग है। अब इसी मामले में कांग्रेस मुखर हो गई है और मनीष सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज करने की भी मांग कर रही है।

फरीदाबाद एनआईटी क्षेत्र की 27 कॉलोनियों के बचे हिस्से भी होंगे नियमित?



फरीदाबाद, एजेंसी। फरीदाबाद में एनआईटी इलाके की 27 कॉलोनियों के बचे रहे गए हिस्से भी आने वाले दिनों में नियमित होने की उम्मीद है। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतीश फागना ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था। नियमित होने के बाद लोगों के प्लॉट की रजिस्ट्री से लेकर विकास कार्य शुरू हो सकेंगे। शहरी स्थानीय निकाय प्रशासन ने कुछ वर्ष पहले एनआईटी इलाके की 27 कॉलोनियों को नियमित किया था, लेकिन इन कॉलोनियों के कुछ किला और मुस्तील नंबर रह गए थे। इस वजह से कॉलोनी के सभी लोगों को सरकार की कॉलोनियों को नियमित करने की नीति का फायदा नहीं मिल सका था। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि एक माह के अंदर इस पर निर्णय ले लिया जाएगा।

नियमित हुई 81 कॉलोनियों में विकास कार्यों का इंतजार : नगर निगम प्रशासन बीते वर्षों में 81 अवैध कॉलोनियों को नियमित कर चुका है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 के गत जुलाई माह में नगर निगम की सीमा में आने वाली 59 कॉलोनियों को मंजूरी दी थी। उपरोक्त 59 कॉलोनियों को मिलाकर पूरे नगर निगम क्षेत्र में कुल 81 कॉलोनियां हैं। इन कॉलोनियों के अलावा नगर निगम ने वर्ष 2021 में 24 गांव भी नगर निगम क्षेत्र में शामिल किए थे। इन गांवों में भी विकास कार्य लंबित चल रहे हैं। निगम प्रशासन ने विकास कार्यों के टेंडर भी लगाए हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन यहां विकास कार्यों में तेजी नहीं ला सका है। यहां पेयजल, सीवर, इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने, स्ट्रीट लाइट आदि के विकास कार्य होने हैं। इन कॉलोनियों में सामुदायिक भवन, पार्क, पानी निकासी आदि सुविधाओं की भी दरकार है।

वर्ष 2023 में इन कॉलोनियों को दी गई थी मंजूरी : नंबरदार कॉलोनी, राजीव कॉलोनी एक्सटेंशन-1, जीवन नगर एक्सटेंशन-3,जीवन नगर एक्सटेंशन-4, मुजेड़ी की पीर कॉलोनी , राजा जैत सिंह एंक्लेव कॉलोनी, न्यू भारत एक्सटेंशन-2, इस्माइलपुर की दीपावली इंक्लेव, पंचशील कॉलोनी एक्सटेंशन, नंगला गुजरान की सुंदर कॉलोनी, तिगांव नवादा गांव के पास एकता इंक्लेव, लीलावती इंक्लेव, भूपानी की महाराणा प्रताप शिव कॉलोनी, एत्मादपुर गांव की धीरज नगर एक्सटेंशन, रिवाजपुर के पास कॉलोनी, भूपानी पार्ट-2 की खाटू श्याम कॉलोनी, भूपानी की पार्ट-4 मोहन राम कॉलोनी, भूपानी के पास अमर भट्ठा कॉलोनी, टिकावली की विजय नगर कॉलोनी, भूपानी और नचौली की कोथला एक्सटेंशन कॉलोनी, नचौली की कृष्णा कॉलोनी, पल्ला की छज्जन नगर मोहन इंक्लेव, साहूपुरा पार्ट-1, ऊंचा गांव के अंतर्गत आदर्श नगर पार्ट-2, हरि विहार पार्ट-2, नवादा तिगांव पार्ट-एक कॉलोनी, बुढ़ैना की श्रीराम कॉलोनी, बड़ौली की पंचशील कॉलोनी, बसेलवा कॉलोनी की साई कॉम्पलेक्स, मुजेड़ी, नीमका, नवादा रकबे की लालावती इंक्लेव, गौंछी-पार्ट-1, सेहतपुर रकबे की सूर्या कॉलोनी पार्ट-3, भूपानी की वसुंधरा कॉलोनी, भूपानी की गणेश कॉलोनी, फरीदपुर की स्वास्तिक पार्ट-3, स्वास्तिक एंक्लेव, बसेलवा कॉलोनी की न्यू भारत कॉलोनी, शाहपुर की बालाजी कॉलोनी, बर्फ खाना कॉलोनी, चटर कॉलोनी हैं। एनआईटी विधायक सतीश फागना ने बताया कि कॉलोनियों के पूरे एरिया के नियमित होने से लोगों को बड़ा फायदा मिलेगा। अब लोगों की आसानी से प्रॉपर्टी आईडी बन सकेंगी।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री बोले, एक माह में निर्णय लेंगे

यहां के लोग न तो रजिस्ट्री करवा पा रहे हैं और न ही नगर निगम प्रशासन द्वारा मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इसके मद्देनजर लोगों ने इस बारे में विधायक सतीश फागना से मिलकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की थी। इस पर विधायक ने यह मुद्दा विधानसभा में उठाया तो शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि एक माह के अंदर इसमें निर्णय ले लिया जाएगा।

Duleep Trophy:

श्रेयस अय्यर, सरफराज, ऋतुराज; भारतीय टीम में जगह बनाने पर होंगी इन 6 बल्लेबाजों की निगाहें

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। शुभमन गिल की अगुआई में बल्लेबाजों ने खूब रन बनाए। हालांकि, करुण नायर और साई सुदर्शन कुछ खास प्रभावित नहीं कर पाए। ऐसे में श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ियों के लिए दलीप ट्रॉफी से शुरू होने वाला घरेलू क्रिकेट का 2025-26 सत्र काफी अहम होने वाला है। दलीप ट्रॉफी में 6 ऐसे बल्लेबाज खेलते दिखेंगे जो भारतीय टीम के चयनकर्ताओं को प्रभावित कर सकते हैं। वह भारतीय टेस्ट टीम की योजनाओं में आ सकते हैं।

देवदत्त पडिक्कल (साउथ जोन)

कर्नाटक के बाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ 2024 में डेब्यू किया था। पडिक्कल ने उस सीरीज में प्रभावित किया। इसके बाद उन्हें रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी और शुभमन गिल के चोटिल होने पर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले टेस्ट में मौका मिला। वह उस मैच में कुछ खास नहीं कर पाए। चोटिल होने के कारण उन्हें इंग्लैंड दौरे पर इंडिया ए टीम में भी जगह नहीं मिली। पडिक्कल की निगाहें दलीप ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने पर होंगी।

ऋतुराज गायकवाड़ (वेस्ट जोन)

स्टाइलिश और तकनीकी रूप से मजबूत गायकवाड किसी फॉर्मेट की योजनाओं से बाहर हैं। पिछले सीजन में रणजी ट्रॉफी में उन्होंने मध्यक्रम में बल्लेबाजी शुरू की, जो इस बात का साफ संकेत हैं कि वह टीम में वापसी करना चाहते हैं। 28 साल की उम्र में वह उस मुकाम पर हैं, जहां उन्हें घरेलू क्रिकेट में अपनी निरंतरता को बड़े स्कोर में बदलना होगा ताकि एक बार फिर टीम में वापसी हो सके।

तिलक वर्मा (साउथ जोन)

इस सीजन में साउथ जोन की कप्तानी कर रहे तिलक को भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। सुनील गावस्कर, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गजों ने उन्हें भारत का अगला ऑल-फॉर्मेट क्रिकेटर बताया है। दलीप ट्रॉफी में बड़े स्कोर उनकी दावेदारी को और मजबूत कर सकते हैं।

श्रेयस अय्यर (वेस्ट जोन)

मुंबई का यह बल्लेबाज हाल ही में अपने प्रदर्शन के लिए नहीं बल्कि भारत की एशिया कप टीम में न चुने जाने के कारण सुर्खियों में रहा है। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपनी जगह गंवा दी थी। वह स्पिन के खिलाफ सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं और भारत की प्लेइंग इलेवन में छठे नंबर के लिए उपयुक्त बल्लेबाज हैं। अय्यर चयनकर्ताओं को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने आखिरी बार 2024 की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था।

सरफराज खान (वेस्ट जोन)

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगभग 66 के औसत के बावजूद सरफराज खान को तेंदुलकर-एंडरसन सीरीज से बाहर रखा गया था। जब भी उन्हें भारत के लिए मौके मिले हैं वे काबिल तो दिखे हैं, लेकिन मौके काफी कम मिले हैं। वह एक बार फिर दलीप ट्रॉफी में अपनी काबिलियत साबित करने के लिए उतरेंगे।

रजत पाटीदार (सेंट्रल जोन)

आईपीएल 2025 में आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट मैच खेल चुके हैं। पर्याप्त मौका मिलने के बावजूद वे प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। यह टूर्नामेंट चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का एक और मौका होगा।

फ्री, फ्री, फ्री... फैंस के लिए खुशखबरी

फ्री होंगी एशिया कप 2025 के सभी मैचों की टिकट

नई दिल्ली, एजेंसी। पुरुष हॉकी एशिया कप 2025 का आयोजन बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से शुरू होने जा रहा है, सभी टीमें बिहार पहुंच गई हैं. भारतीय हॉकी टीम का पहला मैच चीन के साथ 29 अगस्त को है. इससे पहले हॉकी इंडिया ने बड़ा एलान करते हुए फैंस को खुशखबरी दी है. एशिया कप के मैचों की टिकट्स फ्री रहेंगी. जी हां. सभी मैचों की एंट्री फ्री रहेगी, फैंस स्टेडियम में जाकर किसी भी मैच का आनंद फ्री में ले सकेंगे.

हॉकी इंडिया ने इसका एलान करते हुए अपने स्टेटमेंट में कहा, हीरो पुरुष एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 के सभी मैचों में एंट्री फ्री होगी,. 29 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट बिहार के दिल (राजगीर) में हॉकी का एक भव्य उत्सव होने का वादा करता है.

एशिया कप के मैचों की फ्री टिकट ऐसे करें बुक: फैंस wwe.ticketgenie.in या हॉकी इंडिया की ऐप पर जाकर फ्री में टिकट बुक कर सकते हैं. यहां प्रक्रिया पूरी होने के बाद वर्चुअल टिकट मिलेगा. टिकट बुक करने का तरीका सरल रखा गया है. वर्चुअल टिकट से फैंस को आसानी होगी सभी अपनी सीट तक सरलता से पहुंच जाएंगे.

एशिया कप हॉकी ट्रॉफी का अनावरण: केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को नई दिल्ली में हॉकी पुरुष एशिया कप 2025 ट्रॉफी का अनावरण किया. ये टूर्नामेंट का 12वां संस्करण है, जो 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित होगा.

हॉकी एशिया कप 2025 में भारत का शेड्यूल

29 अगस्त- इंडिया हॉकी बनाम चीन हॉकी

31 अगस्त- इंडिया हॉकी बनाम जापान हॉकी

1 सितंबर- इंडिया हॉकी बनाम कजाखस्तान हॉकी: भारत पूल ए में शामिल है, इस पूल में भारत के साथ चीन, जापान और कजाखस्तान हैं. पूल बी में चीनी ताइपे, मलेशिया, साउथ कोरिया और बांग्लादेश हैं. दरअसल पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद बांग्लादेश को शामिल किया गया.

अंपायर का भी खराब दिन हो सकता है

क्रिकेट के इस नियम में बदलाव चाहते हैं सचिन तेंदुलकर

नई दिल्ली, एजेंसी। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर चाहते हैं कि डिसिजन रिव्यू सिस्टम में अंपायर कॉल नियम में बदलाव चाहते हैं। तेंदुलकर ने सोमवार (26 अगस्त) को सोशल मीडिया साइट रेडिट पर फैंस से बातचीत में कही। इस दौरान उनसे सवाल हुआ कि क्रिकेट का कौन सा नियम वह बदलना चाहेंगे। इस पर उन्होंने अंपायर्स कॉल का नाम लिया।

सचिन तेंदुलकर ने कहा कि खिलाड़ी मैदान पर मौजूद अंपायर के फैसले से नाखुश होने के कारण डीआरएस लेता है, ऐसे में उनका मानना है कि उस फैसले को बरकरार रखने का कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। आस्क मी एनीथिंग (ऋू) सेशन के दौरान तेंदुलकर ने कहा, मैं अंपायर कॉल को लेकर डीआरएस नियम बदलूंगा। खिलाड़ियों ने थर्ड अंपायर के पास जाने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वे मैदान पर मौजूद अंपायर के फैसले से नाखुश थे। इसलिए उस फैसले को बरकरार रखने का कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। जिस तरह खिलाड़ियों का खराब समय होता है। उसी तरह अंपायरों का भी खराब समय होते हैं। तकनीक भले ही गड़बड़ हो वह गड़बड़ ही रहेगी। 'आधार कार्ड भेजूं क्या'?

पहले भी अंपायर कॉल की आलोचना कर चुके हैं तेंदुलकर

यह पहला मौका नहीं था कि सचिन तेंदुलकर ने अंपायर कॉल को हटाया जाना चाहए। 2020 में उन्होंने कहा था कि अगर बॉल ट्रैकिंग के दौरान गेंद जरा सा भी स्टंप पर लगती है तो आउट दिया जाना चाहिए। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा के साथ एक वीडियो चैट में कहा था, मैं आईसीसी के डीआरएस से सहमत नहीं हूं,जिसका इस्तेमाल काफी समय से हो रहा है। एलबीडब्ल्यू के मामले में मैदान पर लिए गए फैसले को पलटने के लिए गेंद का 50त्न से ज्यादा हिस्सा स्टंप्स पर लगनाज़रूरी है।

वे (बल्लेबाज या गेंदबाज) सिर्फ इसलिए ऊपर गए हैं क्योंकि वे मैदान पर लिए गए फैसले से नाखुश हैं, इसलिए जब फैसला तीसरे अंपायर के पास जाए तो तकनीक को अपना काम करने दें। बिल्कुल टेनिस की तरह या तो इन या आउट होना चाहिए। बीच का रास्ता नहीं होना चाहिए.

अंपायर कॉल क्या है?

अंपायर कॉल का इस्तेमाल तब किया जाता है जब डीआरएस तकनीकी साक्ष्य निर्णायक न होने की स्थिति में मैदान पर लिए गए फैसले को 'संदेह का लाभ' देता है। बॉल-ट्रैकिंग तकनीक के अनुसार जब गेंद का 50त्न से कम हिस्सा (बेल्स को छोड़कर) स्टंप्स पर लग रहा हो तो यह अंपायर कॉल होता है।

अल्काराज ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे, ओपेल्का को सीधे सेटों में हराया; कैरोलिना मुचोवा से हारीं वीनस विलियम्स

नई दिल्ली, एजेंसी। स्पेन के टेनिस स्टार और यूएस ओपन में दूसरी सीड कार्लोस अल्काराज दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। वहीं, दो बार की चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा।

आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में अल्काराज नए लुक में नजर आए। वह सिर मुंडवाकर खेलने उतरे। अल्काराज ने पहले राउंड में रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की।

दो घंटे से ज्यादा समय तक चले इस मैच में उन्होंने केवल 17 गलतियां कीं, 58 में से 50 सर्विस पॉइंट जीते, सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए और ओपेल्का की सर्विस तीन बार तोड़ी। अल्काराज ने पहले राउंड के मैच में रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की .मैक्लॉरी ने नए लुक को लेकर किया मजाक मैच से पहले अल्काराज की मुलाकात गोल्फ स्टार रॉरी मैक्लॉरी से हुई, जिन्होंने उनके मुंडे सिर को छूकर मजाक किया। पिछले हफ्ते यूएस ओपन के मिक्स्ड डबल्स में अल्काराज के बाल पूरे थे, लेकिन इस बार उनका नया लुक चर्चा का विषय बना।

मैच के बाद अल्काराज ने अपने हेयरकट के बारे में फैन्स की राय जानी मैच के बाद अल्काराज ने दर्शकों से अपने नए हेयरकट के बारे में राय मांगी। दर्शकों ने जोरदार तालियों के साथ इसे पसंद किया। अल्काराज ने कहा, लगता है उन्हें मेरा नया लुक पसंद आया। हालांकि, उनके दोस्त और टेनिस खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो को यह हेयरकट बिल्कुल पसंद नहीं आया। टियाफो ने मजाक में कहा, यह भयानक है, जिसने भी कार्लोस को ऐसा करने को कहा, उसने गलत सलाह दी।

ओमान ने अपने पहले एशिया कप के लिए टीम की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी। पहली बार क्रिकेट एशिया कप में हिस्सा ले रही ओमान ने अपनी टीम की घोषणा की है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज जतिंदर सिंह ओमान की कप्तानी करेंगे। टीम को ग्रुप ए में पाकिस्तान, मेजबान यूएई और भारत के साथ रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से अलग खिलाड़ी शामिल हैं।

ओमान टीम में कुल चार नए चेहरे सुफियान यूसुफ, ज़िक्रिया इस्लाम, फैसल शाह और नदीम खान अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की कतार में हैं। यह ओमान का

चार खिलाड़ी करेंगे डेब्यू

एशिया कप में पहला प्रदर्शन होगा और मुख्य कोच दलीप मेंडिस यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि टीम क्या हासिल कर पाती है। आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से मेंडिस ने कहा, यह सच है कि हम एशिया कप में हिस्सा ले रहे हैं, यह एक बड़ा टूर्नामेंट है और हमारे खिलाड़ियों के लिए वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ खेलना किसी भी क्रिकेटर के लिए एक यादगार पल होता है। तेज-तर्रार टी20 मैच में कुछ भी हो सकता है, जहां एक शानदार ओवर सब कुछ बदल सकता है। हमारी तैयारी मजबूत रही है, मौजूदा राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट हमें प्रतिस्पर्धी अनुभव प्रदान कर रहा है, और हमारे प्रशिक्षण सत्र गहन और केंद्रित रहे हैं। यह सिर्फ कौशल की बात नहीं है - शीर्ष टीमों के खिलाफ उच्च दबाव वाले मैचों में मानसिक मजबूती भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। हमें उम्मीद है कि हम इस एशिया कप में प्रभाव डालेंगे और ओमान को एक उभरते हुए क्रिकेट राष्ट्र के रूप में प्रदर्शित करेंगे।

क्रिकेट एशिया कप के लिए ओमान टीम: जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

टेस्ट क्रिकेट के लिए कुछ भी कर सकता हूं

मोहम्मद सिराज का टेस्ट क्रिकेट के लिए उमड़ा प्यार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने हाल ही में संपन्न एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बारे में खुलकर बात की है, जहां उन्होंने देश के लिए सभी पांच टेस्ट मैच खेले और शानदार 186 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे समय में जब कार्यभार प्रबंधन क्रिकेट में सबसे ज्यादा बहस का विषय बन गया है, सिराज का दृष्टिकोण सबसे अलग है। यह जुनून, गर्व और भारत के लिए खेलने के बारे में है। पांच कड़े टेस्ट मैचों में इतना भारी कार्यभार संभालने के बारे में बात करते हुए सिराज ने कहा कि उनकी प्रेरणा पूरी तरह से देश का प्रतिनिधित्व करने से आती है। सिराज ने कहा, सच कहूं तो मुझे नहीं पता। लेकिन जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, तो आप यह नहीं सोचते कि इसका आपके शरीर पर क्या असर पड़ेगा, बल्कि आप अपने देश के लिए खेलने के बारे में सोचते हैं।

उन्होंने आगे कहा, हम जैसे लोगों का बचपन से एक ही सपना होता है और वह है देश के लिए खेलना। और जब वह मौका आता है, तो हम उसे पूरे जोश से लपक लेते हैं। मैं हर मौके का फायदा उठाकर भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने और उन्हें जीतने की कोशिश करने में यकीन रखता हूं। सीरीज में 186 ओवर फेंकने के बावजूद सिराज ने जोर देकर कहा कि जरूरत पड़ने पर वह और भी ज्यादा गेंदबाजी करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, अगर एक और टेस्ट मैच होता, तो मैं 100 प्रतिशत खेल सकता था। जब उनसे पूछा गया कि क्या कभी थकान महसूस होती है, तो सिराज ने स्पष्ट किया कि भारत का प्रतिनिधित्व करना हमेशा व्यक्तिगत थकान से पहले आता है। सिराज ने कहा, नहीं, यह मेरी प्राथमिकता है। मैं टेस्ट क्रिकेट के लिए कुछ भी कर सकता हूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट का सबसे कठिन चुनौतियों और संघर्षों से सामना करना पसंद है, ठीक वैसे ही जैसे जिंदगी हमें देती है। सिराज ने आगे टेस्ट क्रिकेट की अनोखी खूबसूरती पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट मानसिक थकान, भावनात्मक थकान, शारीरिक थकान वगैरह देता है, लेकिन यही वो चुनौती है जो मुझे इसमें सबसे ज्यादा पसंद है।

क्वितोवा का टेनिस को अलविदा



न्यूयॉर्क, एजेंसी। दो बार की विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में डायने पैरी से मिली हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया। मुकाबला खत्म होने के बाद क्वितोवा की आंखें भर आई। दर्शक दीर्घा में मौजूद उनके पति और कोच जिरि वानेक ने उन्हें गले लगाया। पिछले साल जुलाई में बेटे को जन्म देने वाली क्वितोवा 17 महीने बाद कोर्ट पर लौटी थी। उन्होंने इस साल की शुरूआत में ही कह दिया था कि अमेरिकी ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले वह कोविड 19 संक्रमण का शिकार होने के कारण अमेरिकी ओपन से नाम वापिस लेने की सोच रही थी। उन्होंने कहा, 'सुबह उठने के बाद से मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा नहीं होगा। मैं खा नहीं सकी। मैं काफी नर्वस थी और कुछ कर नहीं पा रही थी। यह काफी कठिन था।

मैराथन दौड़ से नशामुक्ति अभियान का संदेश

विदिशा (निप्र)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समाज के सभी आयु वर्गों के नागरिकों खासकर युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी सहित अन्य के द्वारा मैराथन दौड़ में शामिल धावकों को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया और बाद में स्वयं कलेक्टर एसपी और अन्य अधिकारियों ने सहभागिता निभाई है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित मैराथन दौड़ में विदिशा जिले के साथ साथ अन्य जिलों के धावकों ने आन लाइन पंजीयन कर भाग लिया है। मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्र-छात्राओं, खेल प्रेमियों तथा सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने नशा छोड़ो - जीवन संवारो , स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और नशा मुक्त समाज - उज्जवल भविष्य की शपथ भी दिलाई गई है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मैराथन का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक यह संदेश पहुँचाना था कि नशा जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है, जबकि स्वास्थ्य और खेलकूद से जीवन में ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रगति मिलती है। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पूर्व घोषित नगद राशि तथा प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई।

कलेक्टर एसपी ने भी दौड़ लगाई

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता , पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने नशामुक्ति अभियान के तहत आयोजित मैराथन दौड़ में शामिल होकर नशा मुक्त समाज का संदेश संप्रेषित किया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार

डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों - कर्मचारियों के साथ साथ स्वंयसेवी संस्थानों, गणमान्य नागरिकों ने भी मैराथन दौड़ में सहभागिता निभाई है।

बुर्जुगों - बच्चों ने दौड़ लगाई

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें न केवल युवा - खिलाड़ियों ने बल्कि बुजुर्गों और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज को नशामुक्ति का सशक्त संदेश दिया। आयोजन स्थल जिला परिवहन कार्यालय परिसर में सुबह से ही माहौल उत्साहपूर्ण रहा। प्रतिभागियों में छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हुए, जिन्होंने जोश और उमंग के साथ दौड़ पूरी कर यह साबित किया कि नशामुक्त जीवन की राह हर आयु वर्ग के लिए आवश्यक है।

दादा के साथ पहुंची

तीन किलोमीटर की दूरी मैराथन में दौड़ में शामिल 9 वर्ष की नन्ही कुलसुम आब्दी का जुनून सभी को प्रभावित किया है। विदिशा के बेस दरवाजा एरिया में रहने वाले नन्ही धाविका अपने दादा रजी के साथ दौड़ में भाग लेने पहुंची नन्ही बालिका की दौड़ स्पीड को देखकर बड़े-बड़े निगाहें टक टकी लगाए रखें और संपूर्ण दौड़ 16 मिनिट 21 सेकेंड में पूरी कर दुसरा स्थान हासिल किया है।

एएसपी ने गानों से शमा बांधा

मैराथन दौड़ में शामिल होने वाले दव को दर्शकों गणमन नागरिकों और उनके साथ आए अन्य विभागों जैसे ही स्टार्ट प्वाइंट जिला परिवहन कार्यालय परिसर में पहुंचे इस दौरान दौड़ के प्रति जुनून बनाएं रखने के लिए भरने के लिए पेशेवरो कलाकारों के द्वारा जोशीले गानों पर एक्सरसाइज के स्टेप किया जा रहे थे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चैबे ने देशभक्ति गानों को गाकर पूरा रुझान अपनी ओर खींच लिया। उनके गानों पर सभी झूमने लगे और राष्ट्रीय एकता बनाए रखते हुए नशे से इंडिया को मुक्त करेंगे के संदेशों पूरा माहौल परिदृश्य हो गया था।

पंजीयन से अधिक

विदिशा में आयोजित मैराथन दौड़ में शामिल होने के लिए 308 धावकों के द्वारा आन लाइन पंजीयन कराया गया था कि जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी व जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ ने बताया कि रविवार को संपन्न हुई मैराथन दौड़ में पंजीयन से अधिक धावक शामिल हुए हैं। 12 किलोमीटर की दौड़ में कुल 117 धावकों में पुरुष 97 व महिला धावक 20 शामिल हैं। इसी प्रकार 6 किलोमीटर की दूरी के मैराथन दौड़ में 63 प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई जिसमें 53 पुरुष व 10 महिलाएं जबकि 3 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में 76 ने भाग लिया जिसमें 53 पुरुष व 23 महिलाएं शामिल हुए हैं। वहीं बिना पंजीयन के 62 प्रतिभागी शामिल हुए हैं।

चाक चैबंद प्रबंध

जिला प्रशासन द्वारा मैराथन दौड़ को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु चाक चैबंद प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। दौड़ मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। चिकित्सीय प्रबंधों के तहत डाक्टरों की मौजूदगी रही है। डाक्टर प्रशांत बागरेचा ने बताया कि दो एंबुलेंस चिकित्सकीय सदस्यों के साथ धावकों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु साथ साथ मौजूद रही।

विजेताओं के नाम

मैराथन दौड़ में शामिल हुए धावकों में से सबसे कम समय में दौड़ पूरी करने वालो को कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने पुरस्कृत किया है। 12 किलोमीटर की दौड पूरी करने वाले प्रथम तीन विजेताओं को नगद राशि मेडल व प्रमाण पत्र से जबकि अन्य को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं दौड़ में शामिल धावको के समय की मैपिंग कर पूरी निगरानी गई थी। स्टार्ट पॉइंट यू टर्न पॉइंट ऑफ फिनिशिंग प्वाइंट पर डिजिटल क्लॉक के माध्यम से टाइमिंग की माप की गई है वही यू टर्न पर मौजूद सदस्यों के द्वारा धावकों को निर्धारित ग्रुप जोनसमूह के रंग अनुसार स्टाइगर युक्त सिक्के प्रदाय किए गए ताकि स्टार्ट प्वाइंट वापसी स्थल पर पहुंचने पर किसी भी प्रकार की शंकाएं ना हों। 12 किलोमीटर दूर की मैराथन दौड़ में पुरुष विजेताओं में प्रथम श्री विनोद सिंह (39.25 मिनिट), द्वितीय अमरदीप पाल (39.54 मिनिट) और तृतीय स्थान अभिषेक यादव (41.56 मिनिट) ने हासिल किया है। जबकि महिला वर्ग में प्रथम कोमल साहू (48.08 मिनिट) ने द्वितीय मनीषा (50.18 मिनिट) ने और तृतीय स्थान पर अमृता (55.15 मिनिट) रही है। 6 किलोमीटर दूर की मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम गोपाल बैरवा (19.25 मिनिट) ने द्वितीय गोपाल कुशवाह (24.09 मिनिट) ने तथा तृतीय स्थान निखिल मालवीय (29.01 मिनिट) ने महिला वर्ग में प्रथम स्थान श्रृष्टि प्रजापति (28.31 मिनिट) ने द्वितीय स्थान नैनशी पासी (33.45 मिनिट) ने और तीसरा स्थान कशिश (35.16 मिनिट) ने प्राप्त किया है। इसी तरह तीन किलोमीटर दूर की मैराथन दौड़ में 15 वर्ष से छोटे बच्चों में पुरुष वर्ग में प्रथम तीन विजेताओ में मास्टर बिकिल (11.32 मिनिट) आदित्य (11.49 मिनिट) और नितिन यादव (12.15 मिनिट) ने महिला वर्ग में प्रथम स्थान गौरी कुर्मी (14.41 मिनिट), श्रेया शाक्य (15.33 मिनिट) और कुलशुम आब्दी (16.21 मिनिट) ने दुसरा स्थान प्राप्त किया है। वरिष्ठ नागरिक पचास वर्ष से अधिक के गुरुप के प्रथम तीन विजेताओं में प्रशांत रघुवंशी, प्रणेश और भानू प्रकाश दुबे शामिल हैं। गौरतलब हो कि मैराथन दौड जिला परिवहन कार्यालय से शुरू होकर उदयगिरी से होते हुए वापिस जिला परिवहन कार्यालय में सम्पन्न हुई है।

संक्षिप्त समाचार

खुशियों की दास्तां – मातृ-शिशु स्वास्थ्य के सुधार में कारगर साबित हो रही मातृवंदना योजना

सीहोर (निप्र)। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उचित पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें एवं जन्म लेने वाले शिशु में पोषण संबंधी किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। सीहोर निवासी श्रीमती प्रभा राठौर भी उन महिलाओं में एक हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का लाभ मिला है। श्रीमती प्रभा कहती हैं कि इस योजना के तहत मिली सहायता राशि से उन्होंने अपने और अपने शिशु के स्वास्थ्य की विशेष देखभाल की। श्रीमती प्रभा ने बताया कि उन्होंने गर्भावस्था के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में अपना पंजीयन कराया और योजना के तहत उन्हें पांच हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। इस आर्थिक सहायता से श्रीमती प्रभा ने अपने पोषण पर विशेष ध्यान दिया, जिससे उनकी गर्भावस्था स्वस्थ रही और शिशु का जन्म सुरक्षित तरीके से हुआ। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना से श्रीमती प्रभा राठौर जैसी अनेक माताएं लाभान्वित हो रही हैं। श्रीमती प्रभा राठौर ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया है।

सघन जागरूकता अभियान का प्रशिक्षण संपन्न

हरदा (निप्र)। जिला एड्स एवं रोकथाम नियंत्रण ईकाई जिला हरदा के तहत शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला. हरदा के सभा कक्ष में सघन जागरूकता अभियान के तहत जिले की ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाडी कार्यकताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि जिले में एड्स नियंत्रण अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं जिला महिला बाल विकास की आंगनबाडी कार्यकर्ता को संयुक्त टीम बनाकर कार्य करना है। जिला क्षय अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. मृत्युंजय सिंह गहलोत ने विस्तृत रूप से एड्स के फैलाव एवं बचाव का प्रशिक्षण दिया तथा प्रशिक्षार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के प्रतिउत्तर दिए। एम एण्ड डी ओ श्री मनीष शकरगाय ने स्वास्थ्य विभाग के अन्य कार्यक्रमों एवं सुरक्षित प्रसव, गर्भवती महिलाओं की जांच के बारे में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीमती नीता चौबे ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

रायसेन (निप्र)। सचिव राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को होगा। रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक किया जाएगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी कर दिये गये हैं।

शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है : कलेक्टर

डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

हरदा (निप्र)। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेन्ट का आयोजन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने की वहीं विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है। वर्तमान समय में जीवन में एकाग्रता अति आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को कहा कि खेल अनुशासन संयम और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में किसी भी खेल से जुड़ाव रखना चाहिए। कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक सुश्री सलमा खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता की सबसे महत्वपूर्ण खासियत यह थी कि इसमें 8 वर्ष की आयु से 70 वर्ष आयु के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी बुद्धिमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, खंडवा, बैतूल, सिवनी बनापुरा, खातेगांव, कन्नौद सहित अन्य स्थानों के 125 खिलाड़ियों ने अपनी बुद्धि को आजमाते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के 66 खिलाड़ी एवं ओपन वर्ग में 59 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में इंदौर से आए आर्बिटर श्री विवेक विश्वकर्मा, श्री पवन यादव, श्री प्रिंस लोगे, श्री राहुल सराठे, श्री राजेश गौर, श्री कमल मृदुलकर, श्री रामगोपाल रघुवंशी निर्णायकों ने प्रतियोगिता को संपन्न कराया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आलोक जैन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा, सचिव श्री पी.सी. पोर्ते, मिडिया प्रभारी श्री रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष श्री सत्यम बंसल, उपाध्यक्ष श्री जय शंकर कानवा, श्री रामनिवास जाट, श्री राजेश बिलिया, श्री मनीष प्रजापति, अनिता मिश्रा सहित बच्चों के माता-पिता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में अण्डर 15 वर्ग में प्रथम स्थान रजित चौहान, द्वितीय स्थान प्रज्जवल चौहान, तृतीय स्थान वैष्णवी राजपूत, चतुर्थ स्थान शिवांश गौर, पंचम स्थान अलौकिक राय, षष्ठम स्थान आरूष मालाकार, सप्तम स्थान विशाल निमारे, अष्टम स्थान पर्वराज गौर, नवम स्थान लक्ष्मी रनसूरमा तथा दशम स्थान मनोमय रनुरमा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में प्रथम स्थान वैभव तोमर, द्वितीय स्थान अनमोल सिंह चौहान, तृतीय स्थान वैभव नेमा, चतुर्थ स्थान हरेन्द्र सिंह सोलंकी, पंचम स्थान सिद्धार्थ जैन, षष्टम स्थान विक्की मालवीय, सप्तम स्थान योगेन्द्र राजगुरे, अष्टम स्थान अक्षय तोमर, नवम स्थान आयुष उपाध्याय तथा दशम स्थान आशीष कुमार यादव ने प्राप्त किया।

जिले में निरंतर जारी है सड़क सुरक्षा अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार निरंतर अभियान चलाया गया। रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने पर 18 हजार रुपए से अधिक की चालानी कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान नर्मदापुर में माखननगर रोड एवं ऋषि फिलिंग स्टेशन के पास 22 चालान कर 11200 रुपए की कार्यवाही, पिपरिया में 5 चालानों से 2600 रुपए, इटारसी में 08 चालानों से 2400 रुपए तथा सिवनी मालवा में 07 चालान 2700 रुपए के जुर्माना की कार्यवाही की गई। जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जनहानि दोपहिया वाहन चालकों की होती है और हेलमेट ही वह सुरक्षा कवच है जो सिर को गंभीर चोटों से बचाता है तथा जीवन रक्षा में सबसे अहम भूमिका निभाता है। इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग केवल नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का अनिवार्य साधन है। इसलिए सभी निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का अनुसरण करें और जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

स्व-सहायता समूह से मिली नई राह से रेखा बामने बनीं आत्मनिर्भर

आजीविका मिशन के सहयोग से अगरबत्ती निर्माण से बढ़ी आय, परिवार को मिली आर्थिक मजबूती

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के विकासखंड केसला की चारटेकरा ग्राम पंचायत के कास्दाखुर्द ग्राम निवासी रेखा बामने ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की नई राह बनाई है। रेखा बामने पहले मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। उनकी पारिवारिक मासिक आय मात्र 7,000 रुपये तक सीमित थी, जिससे परिवार का गुजारा करना कठिन था। वर्ष 2017 में जय दुर्गा आजीविका स्व-सहायता समूह के गठन के बाद रेखा बामने समूह से जुड़ीं। मिशन के सहयोग से उन्होंने 7 दिवसीय प्रशिक्षण (आरसेटी नर्मदापुरम) में अगरबत्ती बनाने की तकनीक सीखी। प्रशिक्षण के उपरांत समूह से सहयोग और बैंक ऋण (50,000 रुपये) प्राप्त कर उन्होंने अगरबत्ती निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। धीरे-धीरे इस कार्य से उनकी मासिक आय 7,000 से 8,000 रुपये तक पहुँच गई। इस कार्य में उनके पति ने भी पूरा सहयोग दिया। आय में वृद्धि के उद्देश्य से रेखा बामने ने ÷एक स्टेशन एक उत्पाद योजना÷ का लाभ लिया और इटारसी रेलवे स्टेशन पर अपनी दुकान संचालित करना शुरू किया। इससे उन्हें 15,000 से 18,000 रुपये मासिक आय प्राप्त होने लगी। वर्तमान में रेखा बामने एवं उनके परिवार की मासिक आमदनी बढ़कर 22,000 से 25,000 रुपये तक पहुँच गई है। इसके अतिरिक्त उन्हें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का भी लाभ मिल रहा है। रेखा बामने आत्मनिर्भर बनकर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हैं।

प्रथम खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 में सीहोर जिले की बेटी दीपिका ने रजत पदक जीतकर किया प्रदेश और जिले का नाम रोशन

भैरूंदा तहसील के मंडी गांव की रहने वाली है कुमारी दीपिका ढ़ीमर

सीहोर (निप्र)। प्रथम खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 का आयोजन 21 से 23 अगस्त 2025 तक जम्मू-कश्मीर स्थित डल झील श्रीनगर में किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन म. प्र. वाटर स्पोर्ट्स केनो स्लालम और रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने खेल का श्रेष्ठतम प्रदर्शन करते हुये 6 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित 11 पदक अपने नाम कर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

डल झील पर आयोजित वाटर स्पोर्ट्स मे खिलाड़ियों ने रोमांचक और संघर्षपूर्ण स्पर्धाओं में अपना उच्चतम क्षमता और शारीरिक दक्षता, कौशल का रचनात्मकता के साथ श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है। कुमारी दीपिका ढीमर और कुमारी प्रगति

शर्मा ने क्याकिंग केनोइंग के महिला वर्ग सी-2500 मी. में मध्य प्रदेश को रजत पदक दिलाया। कुमारी दीपिका ढ़ीमर भैरूंदा तहसील के मंडी गांव की रहने वाली है। 15 साल की दीपिका ने कई बार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि दीपिका की बड़ी बहन कावेरी ने भी वाटर स्पोर्ट में अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

ऋणी कृषक 30 अगस्त तक करा सकते हैं फसल का बीमा

रायसेन (निप्र)। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत ऋणी किसानों के लिये फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं।

बुजुर्गों के प्रति सम्मान और आदर की भावना का एक अद्भुत प्रयास है मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना कर रही बुजुर्गों के तीर्थ यात्रा के सपने को साकार

सीहोर (निप्र)। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना आज अनेक वरिष्ठ नागरिकों के तीर्थ दर्शन के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को राज्य सरकार पवित्र तीर्थ स्थलों की यात्रा का अवसर प्रदान करती है। प्रदेश सरकार द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की व्यवस्था की जाती है। जीवनभर अपने परिवार और समाज के लिए समर्पित रहने वाले इन वरिष्ठजनों के लिए यह योजना सम्मान का एक अद्भुत माध्यम बन गई है।

सीहोर निवासी श्री मातादीन यादव भी इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले सौभाग्यशाली तीर्थयात्रियों में शामिल हैं। श्री मातादीन यादव ने जब मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या की तीर्थ यात्रा का अवसर पाया, तो उनकी खुशी देखते ही बनती थी। वे कहते हैं - ÷प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हमारे लिए श्रवण कुमार की तरह हैं। जिस प्रकार श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता को तीर्थों के दर्शन कराए थे, उसी प्रकार हमारे मुख्यमंत्री ने भी बेटे की तरह हमें वाराणसी अयोध्या की तीर्थ यात्रा का सौभाग्य दिलाया है। उनके इन शब्दों में सिर्फ आभार ही नहीं, बल्कि एक गहरी आत्मिक संतुष्टि झलकती है। यह संतुष्टि उस स्वप्न की है जिसे बुजुर्ग वर्षों से संजोए रहते हैं - जीवन में एक बार पवित्र तीर्थ स्थलों के दर्शन करने का सपना। आर्थिक अभाव या शारीरिक असमर्थता के कारण जो सपना अक्सर अधूरा रह जाता था, वह आज सरकार की इस योजना के माध्यम से पूरा हो रहा है। यात्रा के दौरान श्री मातादीन यादव ने न केवल वाराणसी एवं अयोध्या के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को महसूस किया, बल्कि उस अद्भुत माहौल को भी आत्मसात किया जिसने उनके मन और आत्मा को शांति से भर दिया। उन्होंने बताया कि यात्रा पूरी तरह से सुविधाजनक और सुरक्षित रही क्योंकि इसका संचालन आईआरसीटीसी (रेलवे) द्वारा किया गया था। भोजन, आवास और यात्रा की सारी जिम्मेदारी सरकार ने उठाई, जिससे उन्हें केवल श्रद्धा और भक्ति में लीन रहने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह केवल तीर्थयात्रा नहीं कराती, बल्कि यह बुजुर्गों को यह संदेश भी देती है कि उनका अनुभव, उनका आशीर्वाद और उनका अस्तित्व समाज के लिए कितना मूल्यवान है। प्रदेशभर से हजारों वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ लेकर अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का अनुभव कर रहे हैं। तीर्थयात्रा से लौटने के बाद उनकी आँखों की चमक, उनके चेहरों की मुस्कान और उनके आशीर्वाद ही इस योजना की सबसे बड़ी सफलता है। वास्तव में, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि यह समाज में बुजुर्गों के सम्मान और आदर की भावना को जीवित रखने का एक अद्भुत प्रयास है। इसने यह सिद्ध कर दिया है कि जब बुजुर्ग खुश और संतुष्ट होते हैं, तो पूरा समाज सुख और समृद्धि की ओर बढ़ता है।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048